DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

# होइहि सोइ जो 'दिल्ली' रचि राखा



## शिंदे गुट किया साफ : मोदी-शाह का जो फैसला होगा... वो हमें मंजूर

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। सीएम के नाम पर राजनीतिक मंथन के बीच शिवसेना नेता दीपक केसरकर ने कहा कि सीएम शिंदे ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक केयरटेकर मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। महायुति नेता मिलकर बैठकर चर्चा करेंगे और इसके बाद दिल्ली में इस पर फैसला होगा। सीएम शिंदे ने साफतौर पर कह दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जो भी फैसला लेंगे, वह स्वीकार्य होगा।

### भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक

शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना गया। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार का एजेंडा तय करने के लिए तीनों दलों की एक कमेटी बनाई जा सकती है, जिसके मुखिया एकनाथ शिंदे हो सकते हैं। हालांकि शिवसेना प्रवक्ता कृष्ण हेगड़े ने इससे इनकार किया।

### 'एक (नाथ) है तो सेफ हैं'



महाराष्ट्र चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के तीन दिन बाद भी यह तय नहीं हो सका है कि एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री रहेंगे या फिर देवेंद्र फडणवीस को यह पद मिलेगा। इस बीच, शिवसेना ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी नारे "एक हैं तो सेफ हैं" को एक दिलचस्प मोड़ देते हुए महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे के लिए जोरदार समर्थन को जारी रखा। शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने इस लोकप्रिय नारे को बदलकर सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, 'एक (नाथ) है तो सेफ हैं' – यह सुझाव देते हुए कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की सत्तारूढ़ महायुति एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सुरक्षित है। शिवसेना जोर दे रही है कि हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में महायुति की शानदार जीत के बाद शिंदे को मुख्यमंत्री बने रहने दिया जाए। शिवसेना प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने तो महाराष्ट्र में बिहार मॉडल लागू करने की बात कही है। म्हास्के ने कहा कि हमारा मानना है कि शिंदे को मुख्यमंत्री होना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे बिहार में भाजपा ने संख्या पर ध्यान नहीं दिया और फिर भी जेडीयू नेता नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना दिया।

## महाराष्ट्र में CM का ऐलान नहीं अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी



### 'शिंदे-पवार तो मोदी-शाह के गुलाम'

महाराष्ट्र में जारी असमंजस पर शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने महायुति गठबंधन पर तीखा तंज कसा है। राउत ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार का मजाक उड़ाया है और कहा है कि ये दोनों मोदी-शाह के गुलाम हैं। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राउत ने कहा कि ये दोनों नेता जब खुद अपनी पार्टी के लिए कोई फैला नहीं ले सकते तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार पर फैसला कैसे कर सकते है। दोनों नेता भाजपा के न सिर्फ सहयोगी हैं बल्कि मोदी-शाह के गुलाम हैं। राउत ने कहा कि सीएम का फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे।

### मुख्यमंत्री को लेकर नाना पटोले ने कसा तंज

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के ऐलान को लेकर हो रही देरी पर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि महायुति को महाराष्ट्र की जनता की चिंता नहीं है, उन्हें ऐसा व्यक्ति चाहिए जो महाराष्ट्र को बेच दे। जब महाराष्ट्र की जनता ने भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों को बड़ा बहुमत दे दिया है तो मुख्यमंत्री तय करने में वक्त लगाने की जरूरत नहीं है। नाना पटोले ने भापजा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहेते उद्योगपति मित्र के दस्तावेजों पर आंख मूंदकर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को ही महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।



# अब ईवीएम पर संग्राम


## कांग्रेस के बाद शरद पवार की NCP ने भी किया ईवीएम का विरोध

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर विवाद जारी है। खासकर महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों के एलान के बाद महायुति की जीत विपक्षी महा विकास अघाड़ी के गले नहीं उतर रही। ऐसे में पहले कांग्रेस और अब शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-एसपी) ने भी ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं और मतपत्रों के जरिए चुनाव कराने की मांग की है।

### क्या बोले राकांपा-एसपी नेता?

राकांपा-एसपी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के बाद पार्टी के नेता जितेंद्र अव्हाड ने कहा, ₹लगभग सभी उम्मीदवारों ने ईवीएम के खिलाफ बहुत गुस्सा दिखाया है। सभी ने कहा है कि इसके खिलाफ एक आवाज उठनी चाहिए। हरियाणा लिया, जम्मू कश्मीर दिया, महाराष्ट्र लिया, झारखंड दिया। ताकि आपको शक न आए। क्या बोलेंगे कि झारखंड में तो जीते न तुम ईवीएम पर। मैंने हमेशा कहा है कि छोटा चुनाव दे देंगे आपको। बड़ा चुनाव साथ में लेकर जाएंगे। जब लोकसभा से पहले कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हुए, वो हम जीत गए। हम भी हवा में चले गए। बोले- नहीं-नहीं ईवीएम बराबर है। असल में ईवीएम का इस्तेमाल लोगों को मूर्ख बनाने के लिए किया जाता है। यानी दाना डालो पंछी लो और इधर से बड़ा हाथी खींच लो।₹



### कांग्रेस ने उठाई मतपत्रों की वापसी की मांग

इससे पहले कांग्रेस ने एक बार फिर मतपत्रों की वापसी की मांग उठाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में कहा कि मतपत्रों की वापसी के लिए भारत जोड़ो यात्रा की तरह जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम के दौरान खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिगत जनगणना से डरते हैं। मोदी को डर है कि अगर वह जाति जनगणना कराते हैं तो समाज के सभी वर्ग अपना हिस्सा मांगेंगे।

## 'जब हारते हैं तभी EVM से छेड़छाड़ होती है, जीतते हैं तो नहीं'

- सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं को दिखाया आईना
- बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम शुरू करने की मांग करने वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्शन में बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम को दोबारा शुरू करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा- EVM से पार्टियों को दिक्कत नहीं है, आपको क्यों है। ऐसे आइडिया कहां से लाते हो।

इस पर याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा- चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा, चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हारते हैं तो कहते हैं कि EVM से छेड़छाड़ होती है और जब वे जीतते हैं तो वे कुछ नहीं कहते हैं। हम इसे



कैसे देख सकते हैं। हम इसे खारिज कर रहे हैं। ये वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें। आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों आ रहे हैं? आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है। बता दें कि पॉल ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसने 3 लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं का रेस्क्यू किया है।

# महाराष्ट्र में बढ़ी ठिठुरन

## मुंबई-पुणे में गिरा पारा, कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में ठंड का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से इसका असर महाराष्ट्र पर भी दिख रहा है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। मुंबई, पुणे समेत पूरे राज्य में सर्दी बढ़ गई है। कई जिलों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है।



### इन जिलों में बढ़ गई ठिठुरन

पुणे, जलगांव, नासिक, सतारा, कोल्हापुर, सांगली, जलगांव, भंडारा, चंद्रपुर, गोंदिया जिलों में तापमान में ठिठुरन काफी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है, जिससे दिन के समय भी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई है।

### क्या है मुंबई का हाल?

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मुंबई के सांताक्रूज में मंगलवार को तापमान 16 .8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, पुणे में न्यूनतम तापमान 10 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है।



### IMD ने क्या कहा?

मौसम विभाग का कहना है कि तापमान में मौजूदा गिरावट के लिए उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं की मौजूदगी और साफ आसमान की स्थिति जिम्मेदार है, जिसके कारण जमीन तेजी से ठंडी हो रही है। आईएमडी ने कहा कि मौजूदा तापमान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। दिन का तापमान अधिक है लेकिन रात में तेजी से ठंड बढ़ने के कारण ठिठुरन बढ़ गई है।

# तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी, मुंबई से पूर्वांचल के लिए चलेंगी अतिरिक्त 15 ट्रेनें

## बढ़ाई जाएंगी 300 लोकल ट्रेन

**धीरज सिंह । मुंबई**

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में रेलवे से जुड़े अहम फैसले लिए गए, जिनसे आने वाले समय में पूर्वांचल और मुंबई के बीच यात्रा को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाया जाएगा। इन फैसलों के तहत तीन नई रेल परियोजनाओं पर काम शुरू किया जाएगा, जिससे हावड़ा और पूर्वांचल की मुंबई से कनेक्टिविटी आसान होगी। साथ ही, इस रूट पर ट्रेनों की लेटलतीफी की समस्या का समाधान होगा। इन परियोजनाओं से पूर्वांचल और मुंबई पोर्ट के बीच की दूरी भी कम होगी, जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निम्नलिखित तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं की मंजूरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मनमाड-जलगांव चौथी लाइन, भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन, और मानिकपुर-इरादतगंज तीसरी लाइन का निर्माण होगा, जिससे मुंबई से पूर्वांचल के लिए अतिरिक्त 15 मेल ट्रेनें चलेंगी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के तीसरे टर्म में 300 अतिरिक्त लोकल ट्रेनें चलाई जएंगी। इन परियोजनाओं का लक्ष्य पूरे महाराष्ट्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार करना, मध्य प्रदेश के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाना और मुंबई-प्रयागराज-वाराणसी कॉरिडोर को मजबूत करना है। सम्मेलन में मुंबई, नासिक, भुसावल, भोपाल, जबलपुर और प्रयागराज से बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए।



प्रमुख लाभ

### 7,927 हज़ार करोड़ रुपए होगा ख़र्च :

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 7,927 करोड़ की इन परियोजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा मंजूरी दी गई। प्रस्तावित रेल लाइनें पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और अवध के कुछ हिस्सों को महाराष्ट्र से जोड़ेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं संचालन को आसान बनाएंगी और भीड़भाड़ कम करेंगी जिससे मुंबई और प्रयागराज के बीच कुछ सबसे व्यस्त खंडों पर बहुत जरूरी बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

### 639 किमी तक बढ़ेगा ट्रैक

7,927 करोड़ की इन परियोजनाओं की निर्माण अवधि के दौरान लगभग एक लाख मानव दिवस का प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सात जिलों अर्थात नासिक, जलगांव, बुरहानपुर, खंडवा, रीवा, चित्रकूट और प्रयागराज को शामिल करते हुए भारतीय रेल के नेटवर्क को लगभग 639 ट्रैक किमी तक बढ़ाया गया है।

### प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लाभ

- नासिक, जलगांव, बुरहानपुर, रीवा, चित्रकूट, खंडवा और प्रयागराज से कनेक्टिविटी का विस्तार।
- शिरडी साईं मंदिर, शनि शिंगणापुर, पंचवटी, कालाराम मंदिर, गोदावरी गोमुख, वाणी मंदिर और घृष्णेश्वर मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा की सुविधा में आसानी।
- खजुराहो, अजंता और एलोरा गुफाओं जैसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के साथ-साथ देवगिरि किला, असीरगढ़ किला, रीवा किला, यवल वन्यजीव अभयारण्य, केओटी फॉल्स और पुरवा फॉल्स जैसे आकर्षणों केन्द्रों तक पहुंच में सुधार के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### इन परियोजनाओं का मुख्य लाभ

- लगभग 15 अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की सुविधा, यात्री क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि
- सालाना 50 मिलियन टन की अतिरिक्त लोडिंग सुविधा
- प्रति वर्ष लगभग 15 करोड़ लीटर डीजल की बचत
- महाजेनको, रत्तन और इंडिया बुल्स जैसे थर्मल पावर प्लांटों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित
- लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं में आसानी और तेज आर्थिक विकास

### परियोजना विवरण

**1. मनमाड-जलगांव चौथी लाइन परियोजना (160 किमी)**

- **लागत :** 2,773 .26 करोड़
- **आर्थिक प्रभाव :** कोयला, स्टील, कंटेनर और प्याज, फल और सोयाबीन जैसी कृषि उपज (कुल 21.6 एमटीपीए) के परिवहन की सुविधा ।
- **लाभ :** यात्री और माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि और सालाना 8 करोड़ लीटर डीजल कर बचत, उच्च घनत्व वाले गलियारे में भीड़ में कमी और सुरक्षा में सुधार ।

**2. भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन परियोजना (131 किमी)**

- **लागत :** 3,513 .56 करोड़
- **लाभ :** माल ढुलाई में सुधार, मुंबई और उत्तरी/पूर्वी राज्यों के बीच यात्री सेवाओं में वृद्धि, भुसावल जंक्शन पर भीड़ कम करना, सालाना 4 करोड़ लीटर डीजल की बचत और सुरक्षा में सुधार।

**3. 'मानिकपुर-इरादतगंज तीसरी लाइन परियोजना (84.4 किमी)**

- **लागत :** 1,639 .69 करोड़
- **लाभ :** पूर्वी फ्रेट कॉरिडोर के लिए फीडर मार्ग के रूप में कार्य करते हुए बघेलखंड (एमपी) और पूर्वांचल (यूपी) के लिए यात्री कनेक्टिविटी में वृद्धि और सालाना 3 करोड़ लीटर डीजल की बचत तथा उच्च घनत्व वाले कॉरिडोर पर भीड़-भाड़ में कमी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



# राष्ट्रपति पदक विजेता पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी अवैध: बॉम्बे हाईकोर्ट

## कोर्ट ने राज्य सरकार को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का दिया आदेश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राष्ट्रपति पदक विजेता पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में दोषपूर्ण जांच के लिए गिरफ्तारी को अवैध करार दिया है। अदालत ने राज्य सरकार को पुलिसकर्मी को मुआवजे के तौर पर 2 लाख रुपए देने का निर्देश दिया है। पुलिसकर्मी पर मार्च 2013 में हत्या के एक मामले में सबूत नष्ट करने और जानबूझकर दोषपूर्ण रिपोर्ट तैयार करने के आरोप था।

न्यायमूर्ति ए.एस.चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल के समक्ष पुलिस अधिकारी संभाजी पाटिल की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने वाले सतारा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के खिलाफ जांच और उसे 10 लाख रुपए मुआवजा के रूप में देने की मांग की गई। पीठ ने



अपने फैसले में कहा कि गिरफ्तारी के अधिकार का सावधानी से इस्तेमाल नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारी को अवैध तरीके से गिरफ्तार किया गया है। यह कोई अपवाद का मामला नहीं है, जहां याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अनिवार्य थी और अपराध जमानती थे। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के कारण सार्वजनिक कानून में मुआवजे की मांग करने का मामला बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता राज्य सरकार से 2 लाख रुपए का मुआवजा पाने का हकदार है। पीठ ने राज्य सरकार को 8 सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता को मुआवजे की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया और कहा कि सरकार कर्तव्य में लापरवाही के दोषी पाए गए अधिकारी से धन वसूलने के लिए स्वतंत्र होगी। याचिकाकर्ता पाटिल को जनवरी 2004 में उसकी सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक और उसी वर्ष उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रतीक चिन्ह मिला था।

### क्या है पूरा मामला ?

पाटिल 2009 में सतारा जिले के कराड शहर पुलिस स्टेशन के प्रभारी पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने एक हत्या के मामले की जांच की। उनके तबादले के बाद मामले की जांच दूसरे अधिकारी को सौंपी गई। 2012 में याचिकाकर्ता को सतारा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मामले में उनके द्वारा की गई जांच के तरीके को स्पष्ट करने के लिए बुलाया गया था। मार्च 2013 में याचिकाकर्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान उन्हें सूचित किया गया कि उनको सबूत नष्ट करने और जानबूझकर झूठी रिपोर्ट तैयार करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा रहा है। अगले दिन याचिकाकर्ता को मजिस्ट्रेट की अदालत में रिमांड के लिए पेश किए जाने पर जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# चलती रिक्शा पर हाईमास लाइट का खंभा गिरा

## रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त, चालक घायल

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर




उल्हासनगर कैंप-4 के वीनस चौक परिसर में सोमवार शाम को अचानक एक चलती ऑटो रिक्शा पर हाइमास लाइट का खंभा गिर गया. रिक्शा में कोई यात्री नहीं होने से कोई बड़ी जनहानि टल गई।वही ऑटो रिक्शा को बड़ी क्षति हुई और चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया। बता दें कि वीनस चौक परिसर में ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी जा रही हैं। सड़क के किनारे लगा हाइमास लाइट का खंभा उसके नीचे की मिट्टी के कटाव के कारण कमजोर हो गया था। इस कारण सोमवार की शाम वह चलते रिक्शे पर अचानक गिर पड़ा। इस दुर्घटना के कारण रिक्शा का अगला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया और चालक मामूली रूप से घायल हो गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

### ठेकेदार के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग

इस हादसे के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता सचिन कदम ने घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया. उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कदम ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि यह दुर्घटना ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुई है। नागरिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना अक्षम्य है। संबंधित ठेकेदार को पीड़ित ड्राइवर को मुआवजा देना चाहिए। क्षेत्र के नागरिकों ने भी ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है। नागरिकों ने कहा कि सड़कों की खुदाई से यातायात बाधित हो रहा है। अब जब ऐसी घटना हुई है, तो हमारी सुरक्षा खतरे में है।

# दुकान में सेंधमारी की वारदात


## 2.48 लाख का कॉपर वायर चोरी



डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के पूर्णा स्थित अरिहंत कंपाउंड में हंस मशीनरी दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना घटित हुई है। चोर कुल 2 लाख 48 हजार रूपये कीमत का कॉपर वायर चोरी कर फरार हो गया है।

### नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज




पुलिस के अनुसार, मुंबई के चेंबूर निवासी राजीव कुमार धीरवानी की भिवंडी के पूर्णा स्थित अरिहंत कंपाउंड में हंस मशीनरी भगवान स्टेट नामक दुकान है। शनिवार की शाम राजीव धीरवानी दुकान बंद कर के घर चले गए थे। परंतु जब वह सोमवार की सुबह 9 :30 बजे दुकान खुलने आय तो देख की दुकान के शटर पर लगा ताला टूटा हुआ है, और दुकान में रखा पॉलीकेब कंपनी का 7 वायर का बॉक्स भी गायब था, जिसकी कीमत 2.48 लाख रूपये है। उन्हें यकीन हो गया कि दुकान में किसी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई है। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत नारपोली पुलिस से की। जहां पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(3), 331(4), 305(ए) के तहत मामल दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक डि. डि. शिंदे कर रहे है।

# महिला के गले से मंगलसूत्र छीन कर बाइक सवार फरार



डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के नाशिक मुंबई हाइवे पर लुटेरों का आतंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात रांजणोली स्थित ब्रीच के पास अज्ञात बाइक सवार ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गया है।


### कोनगांव पुलिस ने दर्ज की शिकायत

पुलिस के अनुसार, ठाणे के वसंत विहार की रहने वाली चंदा सुनील गुप्ता (45) ऑटो रिक्शा से भिवंडी आ रही थी। रात 8 :45 बजे जैसे ही उनका ऑटो रिक्शा रांजणोली नाका स्थित ब्रिज के पास पहुंचा तभी पीछे से आए मोटर साइकिल सवार ने अचानक महिला के गले से 50 हजार रूपये कीमत के सोने का मंगलसूत्र छीनकर नाशिक हाइवे की तरफ भाग निकला। महिला की शिकायत पर कोनगांव पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है। महिला ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर की उम्र अंदाजन 20 से 30 वर्ष होगी जिसने सिर पर हेलमेट एवं जाकिट पहने हुए पल्सर बाइक पर सवार था।

# इमारत की 15वीं मंजिल पर लगी भीषण आग

**कल्याण।** ठाणे जिले के कल्याण शहर में मंगलवार शाम में एक 17 मंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि आग कल्याण के वायले नगर में स्थित वर्टेक्स सॉलिटेयर बिल्डिंग की 15वीं मंजिल पर लगी। देखते आग ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई।

जानकारी के मुताबिक, वर्टेक्स सॉलिटेयर इमारत की 15वीं मंजिल पर मंगलवार शाम साढ़े 6 बजे के करीब भीषण आग लग गई। ठाणे के अतिरिक्त सीपी संजय जाधव ने कहा कि फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य किया। इस घटना का भयावह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें इमारत की ऊपरी मंजिल से आग की भीषण लपटे निकलते



दिख रही है। इमारत को खाली करवा दिया गया है। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड के कई स्टेशनों से फायर कर्मी मौके पर पहुंचे। फ़िलहाल आग के कारण किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। मौके पर बड़ी संख्या में एंबुलेंस और पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# चोरी का प्रयास कर रहे दो चोर धराए

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में कामतघर के तड़ाली रोड स्थित तेलुगु स्कूल के पास सोमवार की रात ढाई बजे के करीब एक बंद घर में दो चोरों ने चोरी करने के इरादे से घुसे। उक्त दोनों चोर जब घर में रखा सामान चोरी करने का प्रयास कर रहे थे तभी आसपास के रहने वाले ने आहट पा कर चोरों को पकड़ कर लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया है। शहर पुलिस ने घर मालिक अल्लाप्पा लालप्पा अड़िकी 54 वर्ष की शिकायत पर सुनील उर्फ चूहा और राजू नामक दोनों चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(अ), 62 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस नाईक कोदे कर रहे हैं।

# ठाणे मनपा ने संविधान दिवस पर किया उत्सव का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

भारत के संविधान दिवस पर मनपा की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के संविधान को आज 75 साल पूर्ण है इसलिए पूरे देश भर में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतला पर हार फूल अर्पित कर संविधान को याद किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे, उपायुक्त (जनसंपर्क) उमेश बिरारी,विधी सलाहकार मकरंद काले, जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर सहित मनपा के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। साथ ही शहर में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर




के पुतला पर हार पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया गया। स्टेशन के सामने भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतला पर उपायुक्त शंकर पाटोले,सहायक आयुक्त सोपान भाईक के साथ नागरिकों ने हार पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# हत्या के डेढ़ महीने बीत गए, मकसद का पता नहीं लगा पाई क्राइम ब्रांच

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राकांपा (अजित) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के 45 दिन (डेढ़ माह) हो चुके हैं। मगर मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब तक यह पता नहीं लगा पाई कि पूर्व मंत्री की हत्या किस मकसद से की गई। इस मामले में क्राइम ब्रांच महाराष्ट्र के पुणे, नागपुर, अकोला, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि मुख्य साजिशकर्ता शुभम लोनकर और जीशान अख्तर



अभी भी फरार हैं, जिनके विदेश भागने का अंदेशा है। क्राइम ब्रांच अधिकारी अभी यही कह रहे हैं कि पूर्व मंत्री की हत्या अभिनेता सलमान खान के साथ दोस्ती और डॉन दाऊद इब्राहिम से कनेक्शन की वजह से की गई है। उनका यह भी कहना है कि शुभम और अख्तर की गिरफ्तारी के बाद हत्या की असल वजह पता चल सकती है। गिरफ्तार आरोपियों से लगातार पूछताछ के बावजूद फिलहाल पुलिस इस मामले में खाली हाथ है।

**अगस्त में उत्तर भारत में थे दोनों**

बाबा की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता शुभम और जीशान की अंतिम लोकेशन अगस्त में उत्तर भारत में मिली थी। इसके बाद दोनों कहां गए, क्राइम ब्रांच को इसकी कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक दोनों आरोपी देश से भाग चुके हैं और बिश्नोई गैंग ने उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है।

क्राइम ब्रांच को उम्मीद थी कि मुख्य शूटर शिव कुमार गौतम से पूछताछ में फरार आरोपियों के बारे में कोई सुराग मिलेगा। लेकिन गौतम से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है। सूत्रों का कहना है कि गौतम को छोड़ दें तो क्राइम ब्रांच ऐसे आरोपियों को ही पकड़ सकी है, जो छोटे-मोटे अपराध में शामिल रहे हैं।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

वृक्ष प्राधिकरण

- सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में **परिमंडल-VII** के अंदर आर/नॉर्थ विभाग से **04** प्रस्ताव, आर/सेंट्रल से **01** प्रस्ताव और आर/साउथ से **01** प्रस्ताव यानी **कुल 06** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के https://mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण-विज्ञापन.7 दिन-25 से नीचे- W.S.-Z-VII- 59. पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 04/12/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।


**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी,**
**वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,**
**पेग्विन इमारत, 2री मंजिल**
**वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,**
**भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.**
**टेली नं -23742162**
**ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in**

हस्ता.
उद्यान अधीक्षक व
वृक्ष प्राधिकरण

पीआरओ/1824/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

# सिविल अस्पताल कम वजन के 36 नवजात शिशुओं के लिए बना देवदूत



धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे

प्रसूती के बाद कम वजन के नवजात शिशुओं का देखभाल करना सबसे महत्वपूर्ण विषय है, लेकिन सिविल अस्पताल का प्रसूती घर निजी अस्पताल से अच्छा है। पिछले 11 महीने में अस्पताल के प्रसूती घर में 1 किलो से कम वजन के 36 नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है। इनका देखरेख अस्पताल में स्थित एसएनसीयू कक्ष में किया जा रहा है जो इन बच्चों के लिए देवदूत बना है।

### दुर्गम आदिवासी भाग व पालघर जिला से प्रसूती के लिए आती हैं महिलाएं

अस्पताल में प्रसूती के लिए ठाणे शहर, ग्रामीण, दुर्गम आदिवासी भाग व पालघर जिला से प्रसूती के लिए आते हैं। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार व अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगडे के मार्गदर्शन में अब प्रसूती कक्ष में विशेष ध्यान रहता है। इसकी जानकारी बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश वानखेडे ने दिया। कम वजन के बच्चों के लिए एसएनसीयू (Special newborn care Unit) कक्ष अस्पताल में तैयार किया गया है। इसके लिए डॉ. राहुल गुरव, डॉ. शैलेश गोपनपल्लिकर, डॉ. प्रकाश बोरुलकर, वरिष्ठ परिचारिका सारिका शेणेकर, शीतल जठार आदी अथक परिश्रम कर रही है।

# मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने किया भुसावल मंडल का निरीक्षण



डीबीडी संवाददाता । भुसावल

मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने भुसावल मंडल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान बडनेरा से भुसावल तथा भुसावल से इगतपुरी स्टेशनो के बीच विंडो ट्रेलिंग द्वारा निरीक्षण किया। उन्होंने मुर्तिजापुर एवं जलंब स्टेशन के रिले रूम का निरीक्षण किया। भुसावल स्टेशन पर रेलवे रिले इंटरलॉकिंग केबिन का निरीक्षण किया और ट्रेन संचालन की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने भुसावल रेलवे यार्ड की स्थिति की गहन समीक्षा की और आवश्यक सुधारों के लिए निर्देश दिए। इस निरिक्षण में ट्रेन संचालन, ट्रैक, ओएचई (ऑवरहेड इलेक्ट्रिक) और अन्य सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की। स्टेशन की स्वच्छता और कार्यकुशलता का भी विस्तृत आकलन किया और यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशन पर सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की। महाप्रबंधक ने वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। भुसावल क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण केंद्र का महाप्रबंधक ने निरिक्षण किया, जहां उन्होंने सहायक लोको पायलटों ट्रेनी इनके लेक्चर में शामिल हुए और उन्हें संबोधित किया। जिसमे सिग्नल प्रणाली के बारे में मार्गदर्शन किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडल रेलवे प्रबंधक, संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

### रनिंग प्रतियोगिता का आयोजन

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भुसावल में संविधान दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक धर्मवीर मीना इनके द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया, जिसके बाद सभी उपस्थितों ने सामूहिक रूप से इसका वाचन किया। इसके साथ ही भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर 25 नवम्बर 2024 को शासकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक आश्रम स्कूल, वाघझीरी, तालुका यावल में रनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 10 लड़कों और 10 लड़कियों एवं ₹राष्ट्रीय एकता सप्ताह₹ के अवसर पर पोदार इंटरनेशनल स्कूल भुसावल में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 8 लड़कों और 7 लड़कियों को उत्कृष्टता के लिए महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

डराने वाली है साइबर ठगी की ये कहानी

# एक महीने डिजिटल अरेस्ट रही बुजुर्ग महिला

## फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर 3.8 करोड़ की ठगी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मायानगर मुंबई में एक 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला से 3.8 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला अपने पति के साथ दक्षिण मुंबई इलाके में रहती है। आरोपियों ने महिला को लगभग एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा। माना जा रहा है कि यह सबसे लंबी अवधि तक डिजिटल अरेस्ट रखने का पहला मामला है। ठगों ने महिला को अपनी पहचान आईपीएस अधिकारियों के तौर पर बताई। करोड़ों रुपये की ठगी के बाद जब महिला को रकम वापस नहीं मिली तो उसने मामले की जानकारी अपनी बेटी को दी। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।




### ठगों के छह खाते सीज

आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को 24 घंटे वीडियो कॉल की निगरानी में रखा। कॉल कटने पर प्रताड़ित किया। बार-बार उसे वीडियो कॉल पर बने रहने को कहा जाता था। यह सिलसिला लगभग एक महीने तक चलता रहा। इस दौरान आरोपियों ने महिला से 3.8 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। महिला के दो बच्चे विदेश में रहते हैं। वह अपने सेवानिवृत्त पति के साथ घर में रहती है। बेटी की सलाह पर महिला ने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर मामले की जानकारी दी। इसके बाद आरोपियों के छह खातों को सीज कर दिया गया है।

### पार्सल के नाम पर की ठगी

बुजुर्ग महिला के मुताबिक सबसे पहले उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि ताइवान भेजा गया आपका पार्सल रोक लिया गया है। जालसाज ने कहा कि उसमें आपत्तिजनक सामान मिला है। इसके बाद उसने फर्जी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार करने की धमकी दी। महिला के पूछने पर शख्स ने कहा कि पार्सल में बैंक कार्ड, पांच पासपोर्ट, चार किलो कपड़े और एमडीएमए ड्रग्स मिला है। बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसने कोई पार्सल ताइवान नहीं भेजा है। इसके बाद जालसाज ने नया दांव चला। उसने कहा कि आपके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल किया गया है। आपको मुंबई पुलिस के अधिकारी से संपर्क करना होगा।

### क्राइम ब्रांच का फर्जी नोटिस भी भेजा

टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक जालसाज ने महिला की कॉल को एक फर्जी पुलिस अधिकारी के पास ट्रांसफर किया। उसने बताया कि आपका आधार कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग के मामले से जुडा है। शातिरों ने महिला को एक नोटिस भी भेजा। इसमें क्राइम ब्रांच की फर्जी मुहर लगी थी। यहीं से बुजुर्ग महिला को आरोपियों पर यकीन होने लगा। मगर उसे क्या पता था कि वह एक जाल में फंस रही है।

### स्काइप एप डाउनलोड कराया

जालसाजों ने महिला को स्काइप एप डाउनलोड कराया। वीडियो कॉल पर एक शख्स ने अपनी पहचान आईपीएस अधिकारी आनंद राणा के तौर पर बताई। फर्जी आईपीएस ने महिला से बैंक खाते की डिटेल्स मांगी। कुछ ही देर में एक और फर्जी आईपीएस वीडियो कॉल में प्रकट हुआ। उसने अपना नाम वित्त विभाग से आईपीएस जॉर्ज मैथ्यू बताया। आरोपियों ने महिला से कहा कि आपको पैसे ट्रांसफर करने होंगे। अगर जांच में आप बेकसूर मिली तो आपकी रकम को लौटा दी जाएगी।

# उद्धव गुट की शिवसेना के आरोपों पर भड़के पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के हालिया आरोपों पर जवाब दिया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि मेरा जवाब बहुत सरल है। क्या किसी एक पक्ष (पार्टी) या व्यक्ति को यह तय करना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय को किस मामले की सुनवाई करनी चाहिए? क्या एक पार्टी तय करेगी कि सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला करे। क्षमा करें। यह काम मुख्य न्यायाधीश का है।




### संजय राउत को दिया जवाब

संजय राउत के आरोपों से जुड़े एक सवाल जवाब देते हुए डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस पूरे वर्ष हम मौलिक अधिकारों, नौ-न्यायाधीशों की पीठ के फैसलों, सात न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आए केसों को निपटा रहे थे। क्या एक व्यक्ति या पक्ष को यह तय करना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट को किस मामलों में सुनवाई करना चाहिए। यह अधिकार जज के पास होता है।

### संजय राउत ने डी वाई चंद्रचूड़ पर लगाया था ये आरोप

अभी हाल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया था कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विधायकों की अयोग्यता पर याचिकाओं पर फैसला न करके राज्य में राजनेताओं के मन से कानून का डर खत्म कर दिया। इससे राजनीतिक दलबदल के लिए दरवाजे खुले रहे और बाद में हार हुई। संजय राउत ने कहा था कि इतिहास कभी भी डी वाई चंद्रचूड़ को माफ नहीं करेगा।

# एनआईए चीफ रहे अतुलचंद्र कुलकर्णी की मैट में नियुक्ति

**मुंबई।** चाहे 1993 के अंडरवर्ल्ड द्वारा कराए गए मुंबई बम धमाके हों या इंडियन मुजाहिद्दीन द्वारा गुजरात में कराया गया बम ब्लास्ट, ज्यादातर केसों में कारों/स्कूटर का ही इस्तेमाल हुआ था। इसलिए महाराष्ट्र एटीएस ने आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए जो कई कदम उठाए, उनमें एक था संदिग्ध वाहनों का डेटाबेस तैयार करना। जिनके समय में यह डेटाबेस सबसे ज्यादा तैयार किया गया, उन अतुलचंद्र कुलकर्णी को राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (मैट) की मुंबई ब्रांच में प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्ति की है। उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया। वह चार साल तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे।

### आईबी में भी लंबी पारी खेली



कुलकर्णी ने मुंबई क्राइम ब्रांच चीफ, महाराष्ट्र एटीएस चीफ और एनआईए में स्पेशल डायरेक्टर जनरल के तौर पर भी काम किया है। वह महाराष्ट्र जेल के भी चीफ रहे और उन्होंने आईबी में भी लंबी पारी खेली। एटीएस चीफ के तौर पर उन्होंने 7 हजार संदिग्ध वाहनों का डेटाबेस तैयार करवाया था। यही नहीं, इमरजेंसी सर्टिफिकेट (ईसी) पर भारत लौटने वाले 2,200 युवकों को भी सर्विलांस पर रखा था।

# पश्चिम रेलवे पर मनाया गया 75वां संविधान दिवस



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे पर 26 नवंबर को हमारे राष्ट्र का 75वां संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन उस शुभ अवसर की याद दिलाता है जब 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाया गया था। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संविधान दिवस को स्टेशनों, प्रशिक्षण संस्थानों और रेलवे स्कूलों सहित पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं और छात्रों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया।

# अपने ही बुने जाल में फंसी महिला वकील

## एलएलबी डिग्री फर्जी होने का दावा


## बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिया डिग्री की जांच करने का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

वकील होने का दावा करने वाली एक महिला अपने ही बुने जाल में फंस गई है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कथित महिला वकील की मालाड पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई धोखाधड़ी और मारपीट की शिकायत में महिला आरोपी को अंतरिम जमानत दे दी। साथ ही अदालत ने पुलिस को शिकातककर्ता वकील के एलएलबी (बैचलर ऑफ लॉ) डिग्री की जांच करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति आर.एन. लड्डा की एकलपीठ के समक्ष जाहिरा हसमत मियां की ओर से वकील आशीष दुबे की दायर अग्रिम याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील आशीष दुबे ने दलील दी कि मालाड पुलिस ने याचिकाकर्ता के खिलाफ धोखाधड़ी और मारपीट का मामला दर्ज किया है। उस पर आरोप लगाया गया है कि एक महिला वकील ने एलएलएम (मास्टर ऑफ लॉ) में एडमीशन कराने के लिए याचिकाकर्ता को 70 हजार रुपए दिया था। जब वह उससे (याचिकाकर्ता) अपने एडमीशन के विषय में पूछने उसके मालाड स्थित स्पा सैलून में गई, तो उसने उसके (शिकायतकर्ता) साथ मारपीट की।

### क्या है पूरा मामला ?

याचिकाकर्ता ने कथित महिला वकील से एडमीशन कराने का पैसा लिया था, लेकिन जब वह उसका एडमीशन कराने गई, तो उसे पता चला कि महिला वकील का एलएलबी का डिग्री ही फर्जी है। जब उसने उसे इस विषय में बताया, तो वह उसके साथ गाली-गलौज कर उसके स्पा सैलून में आकर हंगामा करने लगी। उसने याचिकाकर्ता के खिलाफ मालाड पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और मारपीट की शिकायत दर्ज करा दी। याचिकाकर्ता के वकील दुबे ने अदालत से कहा कि जब शिकायतकर्ता की एलएलबी की डिग्री ही फर्जी है, तो उसे एलएलएम में कैसे एडमिशन दिलाया जा सकता है? इसे देखते हुए याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत दी जानी चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलील को स्वीकार करते हुए उसे 8 जनवरी 2015 तक अंतरिम जमानत दी और मालाड पुलिस को शिकायतकर्ता की एलएलबी की डिग्री की जांच करने का निर्देश दिया है।




**सार्वजनिक सूचना**

इस सार्वजनिक सूचना केमाध्यम से सभी लोगोंको सूचित किया जाता है की, अधिभोग

वर्ग-१ भूमि का निम्नलिखीत विवरण ग्राम सुर्यमाळ तहसिल-मोखाडा, जिला-पालघर में

श्रीमती गोपीका दिलीप डहाणूकर के स्वामित्व और कब्जे में है।

**संपत्ति का विवरण :-**

क्रमांक १), ग्रामः सुर्यमाळ, गट क्रमांक९२/ब, खाता क्र.:१३७, क्षेत्र (हे.आर.): १.०२.००, आकार (रू.पै.):०.२५.

**चतु:सिमा निम्ननुसार है :-**

पूर्वेकी ओर : गट क्रमांक ९३ की जमिन

पश्चिम की ओर : रास्ता

दक्षिण की ओर : गट क्रमांक २८/१, २८/२ की जमिन

उत्तरेकी ओर : रास्ता

यदयपी हमारे मुवक्कील ने उपरोक्त भूमि को भूमि स्वामी से खरीदने का निर्णय लिया है और उनके बिच बातचीत चल रही है, यदी उक्त भूमि पर कोई बंधक, दान, उपहार, विक्री, समझौता, खरीद विलेख, अदालती सिव्हील और क्रिमिनल लंबित मुकदमा, केस, अपिल, दरखास्त, या कोई अन्य अधिकार ब्याज है, या भूमि का कोई भाग किसी विलेख से बंधक है, तो यह सुचना लिखीत आपत्ती दस्तावेजों के साथ निम्नलिखीत पते पर भेजें। यदि प्रकाशन की तारीख से १४ दिनों के भितर कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती है, तो हम उक्त भूमि को भारमुक्त मान लेंगे और निम्नलिखीत लेनदेन पूरा कर लेंगे। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**तारीख :- २७/११/२०२४**

**ॲड. डी. व्ही. गायकवाड**
**(खरीददार के वकील)**
**ॲड. धरमसेन व्ही. गायकवाड,**
पता:-बी/०३, पहली मंजील, बी विंग,
रॉयल पॉईंट-२ नवली रोड, पालघर (प.),
ता. जि. पालघर,
मो. नं. ९२२६१६७६५९ / ९९७५१८२८६५


मुंबई लोकल यात्रियों के लिए गुड न्यूज


# एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ी

## पश्चिम रेलवे शुरू करने जा रहा है 13 एसी लोकल ट्रेन

## एसी सेवाओं की कुल संख्या 96 से बढ़कर 109 हुई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

यात्रियों के बीच एसी लोकल ट्रेनों की लोकप्रियता और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा बुधवार, 27 नवंबर, 2024 से मुंबई उपनगरीय खंड पर एसी लोकल सेवाओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 13 नई एसी सेवाओं की शुरुआत के साथ एसी सेवाओं की कुल संख्या अब सप्ताह के दिनों में 96 से बढ़कर 109 और शनिवार एवं रविवार को 52 से बढ़कर 65 हो जाएगी।




### यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एसी लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसलिए, यात्रियों के लाभ तथा भीड़ को समायोजित करने के लिए मौजूदा नॉन एसी 12 कार सेवाओं को बदलकर पश्चिम रेलवे पर और 13 एसी सेवाएं शुरू की जा रही हैं। ये सेवाएं सप्ताह के सभी दिन एसी सेवाओं के रूप में चलेंगी। सेवाओं की कुल संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा, यानी 109 एसी लोकल ट्रेन सेवाओं सहित लोकल सेवाओं की संख्या 1406 है। 27 नवंबर, 2024 से शुरू की जा रही इन नई एसी लोकल ट्रेनों में से पहली लोकल ट्रेन चर्चगेट से 12 :34 बजे चलेगी और उसके बाद सभी नई एसी लोकल ट्रेनों का नियमित परिचालन नीचे दी गई समय सारणी के अनुसार रहेगा।

### 6 सेवाएँ अप दिशा में और 7 सेवाएँ डाउन दिशा में

विनीत ने आगे बताया कि शुरू की जा रही अतिरिक्त 13 सेवाओं में से 6 सेवाएँ अप दिशा में और 7 सेवाएँ डाउन दिशा में हैं। अप दिशा में विरार- चर्चगेट और भायंदर- चर्चगेट के बीच 2-2 सेवाएँ और विरार- बांद्रा और भायंदर- अंधेरी के बीच एक-एक सेवा है। इसी तरह, डाउन दिशा में चर्चगेट - विरार के बीच दो सेवाएँ, चर्चगेट - भायंदर, अंधेरी - विरार, बांद्रा - भायंदर, महालक्ष्मी - बोरीवली और बोरीवली - भायंदर के बीच एक-एक सेवा है।


**मुंबईकरों के लिए पश्चिम रेलवे की सौगात**

आरामदायक वातानुकूलित यात्रा के साथ




27.11.2024 से 13 नई वातानुकूलित लोकल ट्रेनों की शुरुआत

**अप डायरेक्शन**

| प्रारम्भ | गंतव्य | प्रस्थान | आगमन | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भायन्दर | चर्चगेट | 08:24 | 09:27 | तेज़ |
| विरार | चर्चगेट | 11:00 | 12:27 | तेज़ |
| विरार | चर्चगेट | 14:05 | 15:28 | तेज़ |
| भायन्दर | अन्धेरी | 16:45 | 17:15 | तेज़ |
| विरार | बान्द्रा | 18:30 | 19:44 | धीमी |
| भायन्दर | चर्चगेट | 21:15 | 22:21 | तेज़ |

**डाउन डायरेक्शन**

| प्रारम्भ | गंतव्य | प्रस्थान | आगमन | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| महालक्ष्मी | बोरीवली | 06:39 | 07:34 | धीमी |
| बोरीवली | भायन्दर | 07:37 | 07:52 | तेज़ |
| चर्चगेट | विरार | 09:30 | 10:52 | तेज़ |
| चर्चगेट | विरार | 12:34 | 13:59 | तेज़ |
| चर्चगेट | भायन्दर | 15:32 | 16:35 | तेज़ |
| अन्धेरी | विरार | 17:25 | 18:20 | तेज़ |
| बान्द्रा | भायन्दर | 19:52 | 20:43 | धीमी |

27.11.2024 को शुरू होने वाली नई वातानुकूलित लोकल ट्रेन सेवाओं में से प्रथम लोकल ट्रेन चर्चगेट से 12:34 बजे प्रस्थान करेगी एवं तत्पश्चात, सभी नई वातानुकूलित लोकल ट्रेनें उपर्युक्त समय-सारणी के अनुसार नियमित रूप से चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly



**मध्य रेल**

**ई-निलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक, स्क्रैप की बिक्री: **दिसम्बर-2024** माह में निम्नानुसार निलामी करेंगे।

**सुचना-** भविष्य मे माह की ई-निलामी कार्यक्रम का प्रकाशन समाचार पत्रिका मे बंद कर दिया जायेगा। तब खरिदार मध्य रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर माह की ई-निलामी का कार्यक्रम देख सकते है।

| निलामी आयोजन करने वाले अधिकारी | निलामी तिथि एवं दिन | | | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक नागपुर | 04.12.2024 बुधवार | 12.12.2024 गुरुवार | 23.12.2024 सोमवार | 7219612750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक भुसावल और मनमाड डिपो | 05.12.2024 गुरुवार | 16.12.2024 सोमवार | 24.12.2024 मंगलवार | 7219611751 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक पुणे | 09.12.2024 सोमवार | 17.12.2024 मंगलवार | 26.12.2024 गुरुवार | 7219613750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई | 10.12.2024 मंगलवार | 18.12.2024 बुधवार | 30.06.2024 सोमवार | 8828119750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक सोलापुर | 11.12.2024 बुधवार | 19.12.2024 गुरुवार | 27.12.2024 शुक्रवार | 7219614750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक [कर्षण] मुख्यालय,वरि.सामुग्री प्रबंधक (जी) करी रोड के लिये | 04.12.2024 बुधवार | 12.12.2024 गुरुवार | 23.12.2024 सोमवार | 8828110761 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल | 09.12.2024 सोमवार | 17.12.2024 मंगलवार | 26.12.2024 गुरुवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (सीडब्ल्यूई) माटुंगा | 05.12.2024 गुरुवार | 16.12.2024 सोमवार | 24.12.2024 मंगलवार | 8828119770 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक [कर्षण] मुख्यालय,सहा.सामुग्री प्रबंधक हाजीबंदर डिपो के लिये | 04.12.2024 बुधवार | 12.12.2024 गुरुवार | 23.12.2024 सोमवार | 8828110761 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एसीएल) भुसावल | 10.12.2024 मंगलवार | 18.12.2024 बुधवार | 30.12.2024 सोमवार | 7219611750 |

**सुचना :-** यदि आवश्यक हो तो पुरक निलामी मूल तिथि से अगले कार्य दिवस और निलामी के समय पर आयोजीत की जाएगी। रेलवे प्रशासन अपने स्वविवेक से किसी भी पुरक निलामी को रद्द करने का अधिकार रखता है। **टिप्पणी: - क)** ई-निलामी से कोई भी लॉट वापस लेने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। किसी भी तदनंतर निलामी ने किसी भी डिपो/मंडलों के किसी भी लॉट की किसी भी उचित तरीके से निलामी करने का अधिकार भी रेलवे के पास सुरक्षित है। मध्य रेल के अन्य डिपो/मंडल के न बिक्री हुए लॉट को भी अन्य डिपो /मंडल की तदनंतर निलामी में बेचा जा सकता है। **ख)** सरकार की नीति के अनुसार जहां क्रय सामग्री की रि-साइकिलिंग से पर्यावरण को नुकसान पहुँचता हो तथा प्रदूषण फैलता हो, ऐसे लॉट्स केवल प्राधिकृत बोलीकर्ताओं को ही बेचे जाएँगे जिनके पास केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) / राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। **ग)** ई-निलामी पुस्तिका **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी। **घ)** ई-निलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण, कार्यविधि तथा सहभागीता आदि के संबंध में यदि कोई सहायता अपेक्षित हो तो कृपया निलामी आयोजित करनेवाले उपर्युक्त अधिकारियों अथवा उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिक्री/मुख्यालय से संपर्क करें जिनका मोबाईल नं. **8828110761** तथा ई-मेल पता **dycmm.s.cstm@gmail.com, dycmms@cr.railnet.gov.in** है।

**प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक**

DE-569 असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# बचपन पर तपिश

अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफ का आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफ ने 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। दरअसल, यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। निस्संदेह, यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति-नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। खासकर लगातार गहरे होते जलवायु संकट के बीच बच्चों की सेहत, शिक्षा और पेजयल जैसे जीवन के जरूरी संसाधनों की सहज उपलब्धता की दृष्टि से। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी। जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसमें बच्चों की शिक्षा, उनकी सेहत और कौशल विकास की जरूरतों के अनुरूप शहरी तंत्र को विकसित करें। निश्चित रूप से इसके लिये बड़े निवेश की भी जरूरत होगी। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल विभाजन भी एक बड़ी चुनौती होगी। तब तक कृत्रिम मेधा का प्रयोग चरम पर होगा। जाहिर है कृत्रिम मेधा जहां तरक्की का मुख्य साधन होगी, वहीं इसकी विसंगतियों का प्रभाव रोजगार के अवसरों पर भी पड़ेगा। जहां दुनिया के विकसित देशों में अधिकांश आबादी इंटरनेट से जुड़ने के कारण प्रगति की राह में सरपट दौड़ रही है, तो गरीब मुल्कों में यह प्रतिशत विकसित देशों के मुकाबले करीब एक चौथाई ही है। ऐसे में समतामूलक समाज की स्थापना के लिये डिजिटल डिवाइड को खत्म करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके मद्देनजर हमारी कोशिश हो कि आधुनिक प्रौद्योगिकी का स्वरूप समावेशी हो। ताकि आधुनिक तकनीक तक बच्चों की समान व सुरक्षित पहुंच हो सके। निर्विवाद रूप से बच्चे आने वाले कल के लिये देश का भविष्य निर्धारक होते हैं। ऐसे में हर लोक कल्याणकारी सरकार का नैतिक दायित्व है कि अपनी रीतियों-नीतियों में बच्चों के हितों व अधिकारों को प्राथमिकता दे। तभी हम उनके सुखद भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।

शख्सियत | कार्तिकेय साराभाई

## पर्यावरण संरक्षण के अग्रदूत



कार्तिकेय साराभाई, भारत के प्रसिद्ध पर्यावरणविद और शिक्षाविद, देश में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण नाम हैं। उनका जन्म 27 नवंबर 1947 को अहमदाबाद, गुजरात में हुआ। वे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के बेटे और प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई के पुत्र हैं। परिवार से मिली वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत ने उनके व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित किया।

कार्तिकेय साराभाई ने पर्यावरणीय शिक्षा और जागरूकता को अपना मुख्य उद्देश्य बनाया। उन्होंने 1982 में 'द सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन' (CEE) की स्थापना की, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने वाली एक अग्रणी संस्था है। यह केंद्र स्कूलों, कॉलेजों, गैर-सरकारी संगठनों और समुदायों को पर्यावरणीय शिक्षा के लिए संसाधन प्रदान करता है। उनकी संस्था ने पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए भारत में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई परियोजनाएं चलाई हैं।
कार्तिकेय साराभाई का मानना है कि पर्यावरणीय शिक्षा सिर्फ जानकारी देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि लोगों को पर्यावरणीय समस्याओं को समझने और उन्हें हल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने भारत में 'ईको क्लब' कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे लाखों छात्र और शिक्षक जुड़े। उनके नेतृत्व में सीईई ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के साथ कई परियोजनाओं पर काम किया।
कार्तिकेय साराभाई को पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है। वे सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए संयुक्त राष्ट्र के कई फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।
उनका जीवन सादगी और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान का उदाहरण है। उन्होंने अपनी शिक्षा और प्रयासों से यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और हर व्यक्ति इसमें योगदान कर सकता है। कार्तिकेय साराभाई का काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो एक बेहतर और सतत भविष्य के निर्माण की दिशा में प्रयासरत है।

# तृणमूल की जीत से ममता की इंडिया ब्लॉक में स्थिति मजबूत



सात्यकी चक्रवर्ती

विपक्षी दलों, खासकर वामपंथियों को उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार को निशाना बनाकर किये गये इस उभार का छह निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के चुनावी मूड पर वामपंथियों के पक्ष में असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाय, मतदाताओं ने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के पक्ष में अपने जनादेश का इस्तेमाल किया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वामपंथी उम्मीदवारों की न केवल जमानत जब्त हुई, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान के आंकड़े भी काफी कम रहे। पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत तृणमूल नेतृत्व की उम्मीदों से भी शानदार रही। 2021 के विधानसभा चुनावों में छह सीटों में से एक मदारीहाट सीट भाजपा के पास थी, जबकि अन्य पांच सीटें तृणमूल के पास थीं। उपचुनावों में जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए, टीएमसी ने न केवल अपनी पांच सीटों को बहुत बड़े अंतर से बरकरार रखा, बल्कि भाजपा की सीट पर उसके उम्मीदवार को 30,000 से अधिक मतों से हराकर सभी छह सीटों पर कब्जा कर लिया। 2021 के चुनावों में भाजपा ने टीएमसी को 29,000 मतों से हराकर मदारीहाट सीट जीती थी। आरजी कार कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या से संबंधित दुखद घटना के बाद मतदान हुआ, जिसके कारण डॉक्टरों और आम लोगों की भावनाओं में अभूतपूर्व उछाल आया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की गयी। इस उभार ने एक व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया जिसमें वामपंथी दलों, विशेष रूप से सीपीआई (एम) ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 9 अगस्त से शुरू हुआ आंदोलन 21 अक्टूबर तक जारी रहा, जिस दिन डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद अपनी भूख हड़ताल वापस ले ली।

विपक्षी दलों, खासकर वामपंथियों को उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार को निशाना बनाकर किये गये इस उभार का छह निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के चुनावी मूड पर वामपंथियों के पक्ष में असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाय, मतदाताओं ने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के पक्ष में अपने जनादेश का इस्तेमाल किया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वामपंथी उम्मीदवारों की न केवल जमानत जब्त हुई, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान के आंकड़े भी काफी कम रहे। वाम मोर्चे के नेता सीपीआई (एम) केवल एक सीट पर चुनाव लड़ी और 2021 की अपनी दो अन्य सीटों पर, पार्टी ने हरोआ में आईएसएफ और नैहाटी में सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को चुनाव लड़ने दिया। पार्टी को तलडांगा सीट पर सबसे खराब स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां वह चुनाव लड़ी थी। इसका वोट शेयर 4 प्रतिशत से भी कम था। विडंबना यह है कि हरोआ में केवल आईएसएफ उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा सका। इस परिणामों ने वामपंथियों को पूरी तरह से चुनावी जंगल में डाल दिया लगता है।

जहां तक भाजपा का सवाल है,राज्य पार्टी नेतृत्व के पास कोई बहाना नहीं है। टीएमसी के खिलाफ उसके सारे अभियान कोई नतीजा नहीं दे पाये, हालांकि एक को छोड़कर, भाजपा वोटिंग के आंकड़ों के मामले में टीएमसी के बाद दूसरे नंबर की पार्टी बनी हुई है। लेकिन वह दूसरा नंबर बहुत दूर भारी मतों के अन्तर से है। मदारीहाट की इस हार के साथ, राज्य विधानसभा में भाजपा की ताकत 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद मिले 77 के मूल स्तर से घटकर लगभग 69 रह गयी है। भाजपा के पास बंगाल में पेश करने के लिए कोई नया कार्यक्रम नहीं है, सिवाय मोदी की गारंटी की बात करने और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में हालिया जीत पर खुशी मनाने के। बंगाल में अगला विधानसभा चुनाव अप्रैल/मई 2026 में होना है। भाजपा को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उसके पास 2026 के चुनावों में आक्रामक टीएमसी से लड़ने का कोई रोडमैप नहीं है।

बंगाल में वामपंथी परंपरा है। तृणमूल में भी कई लोग वामपंथी अतीत के हैं और अभी भी वामपंथी दृष्टिकोण से चिपके हुए हैं। यदि माकपा का आगामी फरवरी सम्मेलन स्थिति के वस्तुनिष्ठ आकलन के आधार पर एक व्यवहार्य रोडमैप तैयार कर सकता है, तो इससे कम से कम माकपा को 2026 के विधानसभा चुनावों में अपनी स्थिति को शून्य से कुछ सीटों तक सुधारने में मदद मिलेगी।

माकपा और वामपंथियों को मध्यम अवधि में राज्य में मुख्य विपक्षी दल के रूप में भाजपा को हटाने का लक्ष्य रखना चाहिए। हो सकता है कि 2026 के चुनावों में ऐसा न हो, लेकिन निश्चित रूप से, यदि उचित अनुवर्ती कार्रवाई की जाये तो वामपंथी 2029 के लोकसभा चुनावों और 2031 के विधानसभा चुनावों में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं।

जीवन मंत्र | जे कृष्णमूर्ति

## हमसे क्या छीन लेती है निंदा

किसी चीज को दूर धकेलना या स्वीकार करना आसान है; पर निंदा करना समस्या से बचना है। किसी बच्चे की निंदा करना उसे अपने से दूर धकेलना है, ताकि आप उससे परेशान न हों; पर बच्चा तो अभी भी वहीं है।

वह एक युवा व्यक्ति था, एक तरह का प्रोफेसर, असंतुष्ट, चिंतित और जिम्मेदारियों के बोझ से दबा हुआ। उसने अपनी परेशानियों, मनुष्य की बोझिल हालत के वर्णन से शुरुआत की। उसने कहा, वह शिक्षित है, जो ज्यादातर किताबों से जानकारी इकट्ठा करने का मामला था। वह इससे परेशान था कि वर्षों से धूम्रपान छोड़ने की कोशिश के बावजूद उसे पूरी तरह से छोड़ नहीं पा रहा है। वह इसे छोड़ना चाहता था, क्योंकि महंगा होने के साथ-साथ यह मूर्खतापूर्ण काम भी था। उसकी अन्य समस्याओं के अलावा यह भी एक विकट समस्या थी। वह अत्यंत



घबराया हुआ और दुबला-पतला था। अगर हम किसी चीज की निंदा करते हैं, तो क्या कुछ समझ पाते हैं? किसी चीज को दूर धकेलना या स्वीकार करना आसान है; पर निंदा करना समस्या से बचना है। किसी बच्चे की निंदा करना उसे अपने से दूर धकेलना है, ताकि आप उससे परेशान न हों; पर बच्चा तो अभी भी वहीं है। निंदा करना उपेक्षा करना है और निंदा से समझ नहीं बन सकती। हां! निंदा न करना बहुत कठिन है, क्योंकि हमारी 'कंडीशनिंग' इनकार व तुलना पर आधारित है। यह हमारी पृष्ठभूमि है, हमारी कंडिशनिंग है, जिसके साथ हम हरेक समस्या का सामना करते हैं और यही कंडीशनिंग समस्या, संघर्ष को जन्म देती है।
जब आप कहते हैं, धूम्रपान मूर्खतापूर्ण है, तो आपने सब कुछ सोचा और फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि यह मूर्खतापूर्ण है। फिर भी इस तर्कयुक्ति ने आपको इसे छोड़ने पर मजबूर नहीं किया है। हम यही सोचते हैं कि किसी समस्या की वजह जानकर हम उससे मुक्त हो सकते हैं; लेकिन जानना महज जानकारी है, एक मौखिक निष्कर्ष है। यह ज्ञान समस्या को समझने से रोकता है। किसी समस्या का कारण जानना और समस्या को समझना दो बिल्कुल अलग चीजें हैं। सवाल उठता है कि कोई किसी समस्या से और कैसे निपट सकता है? दरअसल, असत्य की समझ ही सत्य की खोज है। असत्य को असत्य के रूप में देखना कठिन है। हम झूठ को तुलना के जरिये, विचार के पैमाने से देखते हैं; और क्या किसी विचार प्रक्रिया के जरिये असत्य को असत्य के रूप में देखा जा सकता है? क्या विचार स्वयं में अनुकूलित और मिथ्या नहीं है?
हमारी सारी मुसीबत यही है। जब हम किसी समस्या को सुलझाने के लिए विचार का उपयोग करते हैं, तो एक ऐसे उपकरण का उपयोग कर रहे होते हैं, जो उपयुक्त नहीं है; क्योंकि विचार स्वयं अतीत का, अनुभव का उत्पाद है। असत्य को असत्य के रूप में देखने के लिए विचार को मृत प्रक्रिया के रूप में जागरूक होना चाहिए। विचार कभी भी स्वतंत्र नहीं हो सकता, और खोजने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, विचारों से मुक्ति होनी चाहिए।

जीवन ऊर्जा | चाइम वाइज़मैन : जन्म 27 नवंबर 1874 | जन्म

## ज्ञान की खोज प्रगति की खोज है

चाइम वाइज़मैन का जन्म 27 नवंबर 1874 को हुआ था और उनका निधन 9 नवम्बर 1952 को हुआ। वह इज़राइल के पहले राष्ट्रपति और एक प्रसिद्ध रासायनिक वैज्ञानिक थे। उन्होंने इज़राइल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वैश्विक राजनीति में उनका योगदान महत्वपूर्ण था।

दृष्टि की शक्ति राष्ट्रों को बदल सकती है। भविष्य में विश्वास सभी महान उपलब्धियों की नींव है। सफलता सिर्फ वही नहीं है जो आप प्राप्त करते हैं, बल्कि वह है जो आप दूसरों को प्रेरित करते हैं। एक राष्ट्र की ताकत उसकी एकता और संकल्प में है। ज्ञान की खोज प्रगति की खोज है। चुनौतियाँ वही बीज हैं, जिनसे महानता उगती है। दुनिया उन लोगों की है जो सपना देखने की हिम्मत रखते हैं।
एक विचार इतिहास की दिशा बदल सकता है। आशा वह इंजन है जो मानवता को आगे बढ़ाता है। सच्चा नेतृत्व दूसरों को एक बड़े उद्देश्य के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने की क्षमता है। सफलता का सपना देखना काफी नहीं है; उसे वास्तविकता में बदलने के लिए कार्य




करना आवश्यक है। नवाचार ही दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं को हल करने की कुंजी है। हर असफलता एक अवसर है ताकतवर और दृढ़ नायक बनने का। भविष्य उन्हीं का है जो उसे आकार देने का साहस रखते हैं। दुनिया बदलने की शक्ति उन हाथों में है जो अपनी क्षमता में विश्वास करते हैं। ज्ञान उपकरण है; क्रियाएँ वह शक्ति हैं जो बदलाव लाती हैं। एक राष्ट्र की ताकत उसके लोगों के दिलों में है। सफलता की इच्छा किसी भी बाधा से अधिक मजबूत होती है। सच्ची महानता तब हासिल होती है जब आप दूसरों को साथ उठाते हैं जैसा आप ऊपर उठते हैं। हर कदम आगे बढ़ने से उज्जवल भविष्य की ओर एक कदम बढ़ता है। प्रगति की यात्रा एक साहसी कदम से शुरू होती है। महान भविष्य बनाने के लिए, पहले महानता की संभावना में विश्वास करना चाहिए। आपके विचार आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को आकार दे सकते हैं। विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता सफलता की सही माप है।चुनौतियों के समय में, हमें उठने और पुनर्निर्माण की शक्ति खोजनी चाहिए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## जो हम जमा करेंगे, वही हमें आखिरी समय काम आएगा

एक दिन गुरुजी ने अपने तीन शिष्यों को बुलाया और तीनों को आदेश दिया कि एक एक थैला लेकर बगीचे में जाएं और वहां से दो घंटे में अच्छे-अच्छे फल जमा करके लाएं। वे तीनों अलग-अलग बाग़ में प्रविष्ट हो गए।
पहले शिष्य ने कोशिश की कि गुरुजी के लिए उसकी पसंद के अच्छे-अच्छे और मजेदार फल जमा किया जाए। उसने काफी मेहनत के बाद बढ़िया और ताज़ा फलों से थैला भर लिया।
दूसरे शिष्य ने सोचा कि गुरुजी हर फल का परीक्षण तो करेंगे नहीं, इसलिए उसने जल्दी-जल्दी थैला भरने में ताज़ा कच्चे गले सड़े फल भी थैले में भर लिए।
तीसरे शिष्य ने सोचा कि गुरुजी की नजर तो सिर्फ भरे हुऐ थैले की तरफ होगी। वे खोल कर देखेंगे भी नहीं कि इसमें क्या है। उसने समय बचाने के लिए जल्दी-जल्दी



इसमें घास और पत्ते भर लिए और वक्त बचाया। दो घंटों के बाद गुरुजी ने तीनों शिष्यों को उनके थैलों समेत बुलाया और उनके थैले खोलकर भी नहीं देखे और आदेश दिया कि तीनों को उनके थैलों समेत तीन कुटिया में 15 दिन के लिए अकेला छोड़ दिया जाए। अब तीनों के पास कुटिया में पानी के अलावा कुछ भी नहीं था सिवाए उन थैलों के। जिस शिष्य ने अच्छे-अच्छे फल जमा किये वो तो मज़े से खाता रहा और 15 दिन आराम से गुज़र गए। फिर दूसरा शिष्य जिसने ताज़ा कच्चे गले सड़े फल जमा किये थे वह कुछ दिन तो ताज़ा फल खाता रहा फिर उसे ख़राब फल खाने पड़े। जिससे वो बीमार हो गया और बहुत तकलीफ उठानी पड़ी और तीसरा शिष्य जिसने थैले में सिर्फ घास और पत्ते जमा किये थे। वे 15 दिनों पानी पीकर भूख से गुजारा। अब आप अपने आप से पूछिये कि आप क्या जमा कर रहे हो। हम सब इस समय जीवन के बाग में हैं। जहाँ चाहें तो अच्छे कर्म जमा करें, चाहें तो बुरे कर्म। मगर याद रहे जो हम जमा करेंगे, वही हमें आखिरी समय काम आएगा, क्योंकि ईश्वर हमें चारों ओर से देख रहा है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सक्सेस मंत्र


## राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला

कवि हरिवंश राय बच्चन की मशहूर कविता, 'मधुशाला' की पंक्ति -'राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला' , हमें सफलता के लिए काफी कुछ इशारा करती है। अक्सर हम अपने काम को लेकर दूसरों से सलाह लेते रहते हैं और सलाह बदलने के साथ ही अपना काम भी बदलते रहते हैं। कई बार तो यह बदलाव सिर्फ इसलिए होता है कि आपका मन नहीं लगता या काम में मुश्किलें आ रही हैं। इसका नतीजा यह होता है कि हम कामयाब नहीं हो पाते। मगर सही तरीका यह है कि आप मन न लगने या कार्य कठिन होने की वजह से बदल दें। बल्कि आपने जिस क्षेत्र को अपनी मर्जी से चुना है उसके शिखर तक पहुंचना ही आपका लक्ष्य होना चाहिए। इसलिए ही भले ही आपको रात दिन एक करना पडे.। क्योंकि किसी भी नदी की गहराई उसके किनारे से नहीं नापी जा सकती। उसके लिए तो आपको गहरे पानी में ही उतरना होगा। इसी ध्येय को आसान शब्दों में बयां करती एक कहानी एक बार एक किसान को कुआं खोदना था। कोई 15-20 फुट खोद दिया गया, लेकिन पानी नहीं मिला। किसी ने सलाह दी कि यहां से कुछ दूर पानी हो सकता है। किसान ने वहां खुदवाना शुरू किया। 15-20 फुट खोद दिया गया, लेकिन यहां भी पानी नहीं मिला। फिर किसी और के कहने पर तीसरी जगह भी कोशिश की गई, लेकिन परिणाम कुछ भी नहीं मिला। उस गांव के बूढ़े अनुभवी से पूछा गया। उसने भी जगह बताई और वहां भी 15-20 फुट खोद दिया गया। वहां भी पानी नहीं था। संतों से पूछा गया। स्कूल टीचर से पूछा गया। डॉक्टर से पूछा गया। महात्माओं से पूछ लिया गया। जिसने भी जगह बताई सब जगह 15-20 फुट खोदकर देख लिया गया, लेकिन पानी नहीं मिला। फिर वो किसान थक गया और हारकर बैठ गया कि इतनी मेहनत के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है, करूं तो क्या करूं। घर आए थके-हारे किसान से उसकी पत्नी ने परेशानी का कारण पूछा। उस किसान ने कहा, हर किसी से सलाह लेकर जहां-जहां लोगों ने बताया 15-20 फुट खुदवाया गया लेकिन कहीं भी पानी नहीं मिला। तो उसकी पत्नी ने कहा कि घर के बाहर जहां सबसे पहले खुदवाया था, वहीं पर और ज्यादा खुदवाओ। किसान ने यह बात मानते हुए उसी पहले वाले कुएं को खोदना शुरू किया। 15 फुट, 20 फुट, 25 फुट, 30 फुट, 35 फुट। आखिर पानी मिल गया। इसी को कहते हैं राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# आज के दौर में कंधे का दर्द हुआ आम
# ऐसे करा सकते हैं अपना इलाज

भारत में कंधे का दर्द तीसरा सबसे आम दर्द है और 70 प्रतिशत केस में यह जीवन भर बना रहता है। कंधे का जोड़ मानव शरीर के सबसे जटिल जोड़ों में से एक है। कंधे में चोट या इसे जोड़ने वाली किसी हड्डी में चोट के कारण दर्द उत्पन्न हो सकता है।



विलन्स ऑफ शोल्डर डिसऑर्डर्स इन टर्शरी केयर सेंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कंधे का दर्द तीसरा सबसे आम दर्द है और 70 प्रतिशत केस में यह जीवन भर बना रहता है। कंधे का जोड़ मानव शरीर के सबसे जटिल जोड़ों में से एक है। कंधे में चोट या इसे जोड़ने वाली किसी हड्डी में चोट के कारण दर्द उत्पन्न हो सकता है।

एम्स के एक् डॉक्टर का कहना हैं कि 'कंधे में दर्द होने पर ऑर्थोपेडिस्ट से सलाह लें। फिजियोथेरेपी इसका एक इलाज है। वहीं कोल्ड कंप्रेस, हीट थेरेपी जैसी सेल्फ-केयर की कोशिश की जा सकती है, लेकिन कुछ साधारण योग अभ्यास करने से लंबे समय तक इस दर्द से राहत मिल सकती है।'

## कंधों मजबूती और बेहतरी के लिए उपयोगी तीन योगासन

### केट पोज (मार्जरी आसन)



- योगा मैट पर दोनों घुटनों को टेक कर बैठ जाएं।
- अब दोनों हाथों को फर्श पर आगे की ओर रखें।
- दोनों हाथों पर वजन डालते हुए अपने हिप्स (कूल्हों) को ऊपर उठाएं।
- जांघों को ऊपर की ओर सीधा करके पैर के घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाए।
- इस स्थिति में छाती फर्श के समान्तर होगी और आप एक बिल्ली के समान दिखाई देगें।
- अब लंबी सांस लें और सिर को पीछे की ओर झुकाएं और रीढ़ की हड्डी का निचला भाग ऊपर उठाएं।
- सांस को बाहर छोड़ते हुए अपने सिर को नीचे की ओर झुकाएं और मुंह की ठुड्डी को छाती से लगाने का प्रयास करें। हाथ झुकने नहीं चाहिए।
- सांस को लम्बी और गहरी रखें। फिर से अपने सिर को पीछे की ओर करें और इस प्रक्रिया को 10 बार दोहराहएं।

### धनुरासन

- पेट के बल लेट जाएं।
- अब घुटनों को मोड़ें और अपनी एड़ियों को



पकड़ें। ऐसा करते हुए सांस लें।
- यदि कंधे में दर्द होता है, तो रुकें और धीरे-धीरे प्रारंभिक स्थिति में लौटें। यदि नहीं, तो श्वास लें और अपनी छाती को जमीन से ऊपर उठाएं।
- अपनी छाती को उतना ही ऊपर उठाएं जितना आरामदायक हो, और फिर सिर को ऊपर करते हुए आसमान की ओर देखने की कोशिश करें।
- 15 से 20 सेकंड के लिए इस स्थिति में रहें। सांस अंदर-बाहर करते रहें।
- आराम से कई बार दोहराएं, लेकिन पांच बार से अधिक नहीं।

### केमल पोज (उष्ट्रासन)

- योग चटाई पर घुटने टेकें। अपने घुटनों में कम से कम 6 इंच की दूरी रखें।
- अब अपने हाथों को अपनी पीठ पर रखें, अपने कूल्हों के ठीक ऊपर ताकि आप अपनी पीठ के निचले हिस्से को सहारा दे सकें।
- श्वास लें और पीछे की ओर झुकना शुरू करें। ऐसा करते ही अपना सीना खोल दें।
- अपने हाथों को अपनी पीठ पर ले जाएं और अपनी एड़ियों तक पहुंचने का प्रयास करें।




- यदि आप अपने कंधों या पीठ में असुविधा महसूस करना शुरू करते हैं, तो रुकें और धीरे-धीरे प्रारंभिक स्थिति में लौट आएं।
- - यदि आराम से कर पा रहे हैं, तो अपनी पीठ को झुकाना जारी रखें और तब तक झुकें जब तक आप अपनी टखनों को पकड़ न सकें।
- इस मुद्रा को जितनी देर तक आप कर सकते हैं, पकड़ने की कोशिश करें, लेकिन 30 सेकंड से अधिक नहीं।

# बालों का झड़ना और वजन का बढ़ना ना करें नजरअंदाज

## हो सकते हैं थायराइड के लक्षण

इन दिनों थायराइड से तमाम लोग परेशान हैं। इसकी चपेट में आने के बाद मरीज कई तरह की शारीरिक समस्याओं की चपेट में आ जाता है। शरीर में दिख रहे कुछ बदलावों से पता लगाया जा सकता है कि आप भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। थायराइड ग्रंथि एक जरूरी हार्मोन रेगुलेटर है, लेकिन ये विशेष रूप से महिलाओं में संभव हो सकता है। इस आर्टिकल में हम आपको थायराइड और उसके लक्षणों के बारे में बता रहे हैं।



### क्या है थायराइड?

थायराइड गले के पास एक ग्लैंड है। थायराइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गर्दन में श्वासनली के सामने होती है। इसका काम हार्मोन को नियंत्रित करना है। शरीर के अन्य अंगों की तरह, थायराइड फंक्शन को कंट्रोल और रेगुलेट करना भी बहुत जरूरी है। क्योंकि जब हार्मोन लेवल में अचानक से उतार-चढ़ाव होता है, तो शरीर में कई लक्षण दिख सकते हैं।



### हाइपरथायरायडिज्म के लक्षण

- चिड़चिड़ापन और घबराहट
- सोने में परेशानी होना
- वजन घटना
- बढ़ी हुई थायरॉयड ग्रंथि
- मांसपेशियों में कमजोरी और कंपकंपी होना
- अनियमित पीरियड या पीरियड बंद होना
- आंखों की रोशनी की समस्या या आंखों में जलन

### क्या हैं थायराइड के लक्षण?

अगर आपको थायराइड की बीमारी है तो आप कई तरह के लक्षणों का अनुभव कर सकते हैं। हालांकि, कई बार ये लक्षण सामान्य हो सकते हैं। इससे यह जानना मुश्किल हो सकता है कि आपके लक्षण थायराइड की समस्या से संबंधित हैं या नहीं। ऐसे में थायराइड के लक्षणों को दो ग्रुप में बांटा गया है। बहुत ज्यादा थायराइड हार्मोन (हाइपरथायरायडिज्म) और बहुत कम थायराइड हार्मोन (हाइपोथायरायडिज्म)।

### हाइपोथायरायडिज्म के लक्षण :

थकान महसूस होना वजन बढ़ना, भूलने की बीमारी, बार-बार और भारी पीरियड्स, रूखे और मोटे बाल, कर्कश आवाज



# लिवर के लिए जहर का काम करता है अल्कोहल
## जानिए कैसे डालता है प्रभाव ?



लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। यह केवल 2-4 नहीं बल्कि पूरे 500 फंक्शन को करने के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए लिवर के खराब होने पर यह हमारे शरीर के लगभग सभी हिस्सों को प्रभावित करता है। वहीं अल्कोहल लिवर को तेजी से सड़ाने का काम करता है। जरूरत से ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन करने से लिवर में फैट जमा होने लगता है। इसी कारण से सिरोसिस, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। शराब के अलावा खराब खानपान और अनियमित जीवनशैली भी लिवर को डैमेज करने काम करते हैं। बता दें कि लिवर खुद से ठीक भी होता है। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि शराब आदि का सेवन बंद कर दिया जाए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन लक्षणों के बारे में बताएंगे, जिन्हें समय रहते पहचान कर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

इन 4 सवालों में यदि एक का भी जवाब हां होता है तो आपको अल्कोहल का सेवन फौरन बंद कर देना चाहिए।

- क्या आपने कभी महसूस किया है कि अब आपको अपने शराब से दूरी बनानी चाहिए?
- क्या आपके शराब पीने की आदत की लोग आलोचना करते हैं?
- क्या आपने शराब पीने के बारे में कभी बुरा महसूस किया है?
- क्या आपने कभी अपने हैंगओवर को कम करने के लिए सुबह उठते ही शराब पी है?

### लिवर को नुकसान

अल्कोहल से होने वाले लिवर के नुकसान के संकेतों को लोग अक्सर गलत समझ लेते हैं, जिसके कारण अधिकतर मामलों में गंभीर बीमारी का पता देर से चलता है। आपको बता दें कि इन संकेतों में ये लक्षण शामिल हैं: 1- पेट में दर्द रहना 2- अक्सर थकान रहना 3- उल्टी 4- बीमार महसूस करना 5- दस्त 6- भूख नहीं लगना। अल्कोहन के सेवन से आपका लिवर सड़ चुका है तो इसका सीधा असर आपके शरीर पर दिखता है। जब भी आपको अपने शरीर में ये लक्षण दिखने लगें तो आपको समझ जाना चाहिए है। अब शराब पीने पर कंट्रोल करने की जरूरत है। 1-पीलिया 2-पैरों, टखने और पेट पर सूजन 3- 3-बुखार और कांपना 4-स्किन पर खुजली और बालों का झड़ना 5-तेजी से वजन कम होना 6-कमजोरी महसूस होना 7-भ्रम और याद्दाश्त कमजोर होना 8-नींद न आना 9-उल्टी में खून आना 10-काले रंग का शौच 11-शराब पीते ही सेंसिटिविटी का बढ़ना।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**वृष** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुन** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कर्क** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**सिंह** स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी।

**कन्या** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। धन लाभ होगा ।

**तुला** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में संतोष रहेगा।

**वृश्चिक** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**धनु** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी।

**मकर** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ** निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सुख के साधनों पर व्यय होगा। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें।

**मीन** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

# कुल देवी या देवता को 4 उपाय से मनाएं और संकटों से मुक्ति पाएं

1. जन्म, विवाह आदि मांगलिक कार्यों में कुलदेवी या देवताओं के स्थान पर जाकर उनकी पूजा की जाती है या उनके नाम से स्तुति की जाती है। कुलदेवी की कृपा का अर्थ होता है सौ सुनार की एक लोहार की। बिना कुलदेवी कृपा के किसी के कुल का वंश ही क्या कोई नाम, यश आगे बढ़ नहीं सकता। अतः कुल देवी और देवता के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम को भोग निकालें और उनके नाम का उच्चारण करें। नाम नहीं याद हो तो स्थान का उच्चारण करें। जैसे, डुंगलाई वाली कुलदेवी की जय। स्थान का नाम भी नहीं मालूम होतो तो हे माता कुलदेवी और कुलदेवता आपकी सदा विजयी हो। दुर्गा माता की जय, भैरू महाराज की जय।



2. एक ऐसा भी दिन होता है जबकि संबंधित कुल के लोग अपने देवी और देवता के स्थान पर इकट्ठा होते हैं। जिन लोगों को अपने कुलदेवी और देवता के बारे में नहीं मालूम है या जो भूल गए हैं, वे अपने कुल की शाखा और जड़ों से कट गए हैं। कुलदेवी या कुल देवता के स्थान से आपके पूर्वजों का पता लगता है। जिसे यह नहीं याद है वे भैरू महाराज और दुर्गा माता के मंदिर में जाकर उनके नाम का भोज चढ़ाएं और पूजा करें।

प्रियंका जैन
9769994439

3. कुल देवी या देवता के स्थान पर जाकर एक साबूत नींबू लें और उसको अपने उपर से 21 बार वार कर उसे दो भागों में काटकर एक भाग को दूसरे भाग की दिशा में और दूसरे भाग को पहले भाग की दिशा में फेंक दें। इसके बाद कुलदेवी या देवता से क्षमा मांग कर वहां अच्छे से पूजा पाठ करें या करवाएं और सभी को दान-दक्षिणा दें।

4. कुलदेवता की पूजा करते समय शुद्ध देसी घी का दीया, धूप, अगरबत्ती, चंदन और कपूर जलाना चाहिए साथ ही प्रसाद स्वरूप भोग भी लगाना चाहिए। कुलदेवता को चंदन और चावल का टीका अर्पण करते समय ध्यान रखें की टूटे हुए या खंडित चावल ना हो। कुलदेवता को हल्दी में लिपटे पीले चावल पानी में भिगोकर अर्पण करना शुभ माना जाता है। पूजा के समय पान के पत्ते का बहुत महत्व है जिसके साथ सुपारी, लौंग, इलायची और गुलकंद भी अर्पण करना चाहिए। कुलदेवी या देवता को पुष्प चढ़ाते हुए आपको इन्हें पानी में अच्छी तरह से धोना चाहिए। सभी देवी-देवताओं की पूजा जिस तरह सुबह-शाम की जाती है, उसी तरह कुलदेवी और देवता की पूजा भी दीपक जलाकर करनी चाहिए।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## खबर संक्षेप

### सपा नेताओं का संभल दौरा स्थगित

**संभल।** समाजवादी पार्टी की संभल यात्रा स्थगित हो गई है। शाही जामा मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा की हकीकत जानने लिए सपा प्रमुख ने चुनिंदा नेताओं की टीम बनाकर संभल जाने और सभी से बातचीत कर जानकारी लेने का आदेश दिया था। इसी के तहत माता प्रसाद के नेतृत्व में सपा की टीम संभल जाने वाली थी। सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार से बातचीत के बाद पार्टी ने संभल का प्रस्तावित दौरा स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे संभल के लिए रवाना होना था, लेकिन इस बीच मेरी पुलिस महानिदेशक से बातचीत हुई। हमने उनसे कहा कि हमारे लोगों को फंसाया जा रहा है, यहां तक कि जो लोग वहां मौजूद नहीं थे, उनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसलिए, पुलिस महानिदेशक ने मुझे मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच का आश्वासन दिया है।

### पीएम मोदी से कल्पना संग मिले हेमंत सोरेन

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलाकात की। उन्हें 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में अबुआ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी थीं।

### पुलिस एनकाउंटर में 4 बदमाश गिरफ्तार

**गोंडा।** गोंडा में नगर कोतवाली और देहात कोतवाली पुलिस, एसओजी टीम से सुबह भोर में चार बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कार, बाइक, तमंचा,25 हजार नगदी और दो मोबाइल फोन बरामद किए है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सूचना के बाद नगर कोतवाली, देहात कोतवाली और एसओजी टीम ने बदमाशों की घेराबंदी की। मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे कटहाघाट के पास बनवरिया मोड़ पर एसयूवी व बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया गया। इस पर बदमाशों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक बदमाश अभिनव उर्फ रौनक सिंह घायल हो गया। तीन बदमाश आकाश सिंह, रिषभ सिंह, आदेश पाण्डेय को पकड़ लिया। उन्हें बताया आरोपी रौनक के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज है अन्य तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# बेतिया राज की सारी संपत्ति अब बिहार सरकार की

### बेतिया-मोतिहारी में चलेगा केके पाठक का डंडा

**एजेंसी | पश्चिमी चम्पारण**

बिहार के एक समय बड़े राजघरानाओं में शामिल रहे बेतिया राज की बिहार और यूपी में फैली बेशुमार और बेशकीमती जमीन को सरकार के अधीन लाने के मकसद से बिहार विधानमंडल ने एक विधेयक को पास कर दिया है। मंगलवार को नीतीश कुमार सरकार की तरफ से राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने बेतिया राज की संपत्तियों को सरकार में निहित करने वाला विधेयक पहले विधानसभा में पेश किया जिसे सदन को बुधवार तक स्थगित करने से पहले पास करा लिया गया। इसके बाद विधेयक को विधान परिषद की भी मंजूरी मिल गई। इसके साथ ही बेतिया राज की सारी संपत्ति अब बिहार सरकार की हो जाएगी। 1954 में महारानी जानकी कुंवर के निधन के साथ ही बेतिया राजपरिवार के आखिरी सदस्य की विदाई हो गई थी।



**उत्तर प्रदेश के जिलों में बेतिया राज की 143 एकड़ जमीन का हिसाब**

प्रयागराज- 4.54
बस्ती- 6.31
अयोध्या- 1.86
गोरखपुर- 50.92
कुशीनगर- 61.16
महाराजगंज- 7.53
मिर्जापुर- 0.91
वाराणसी- 10.31

**बिहार के जिलों में बेतिया राज की 15213 एकड़ जमीन का हिसाब**

पश्चिमी चम्पारण- 9758.58
पूर्वी चम्पारण- 5320.51
सीवान- 7.29
गोपालगंज- 35.58
पटना- 4.81
सारण- 88.41

### बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी है जमीन

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि बेतिया राज की 15 हजार एकड़ से अधिक जमीन और अन्य संपत्ति अब राज्य सरकार में निहित की जा रही है। इनकी जमीन बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी है। बिहार में बेतिया राज की 15213 एकड़ जमीन जबकि यूपी में 143 एकड़ जमीन है। बिहार में बेतिया राज की अधिकांश जमीन पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में है। इसके अलावा सारण, सीवान, गोपालगंज और पटना में भी बेतिया राज की जमीन है। इन जमीनों की कीमत 8000 करोड़ से ऊपर आंकी जा रही है।

### केके पाठक के एजेंडे में है बेतिया राज की जमीन से अवैध कब्जा हटाना

बिहार राजस्व पर्षद (रेवेन्यू बोर्ड) के चेयरमैन और कड़क आईएएस अफसर केके पाठक जब से बोर्ड में आए हैं, तब से उनके एजेंडे पर बेतिया राज की जमीन से अवैध कब्जा हटाना सबसे ऊपर चल रहा है। केके पाठक ने अफसरों से अवैध कब्जों का हिसाब निकालने कहा था। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और पश्चिमी चंपारण (बेतिया) में लगभग 3600 एकड़ पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण मिला है। अकेले बेतिया में 11600 अतिक्रमणकारियों की पहचान हुई है। केके पाठक ने संबंधित जिलों के डीएम के साथ इसकी समीक्षा कर अतिक्रमणकारियों पर केस करने कहा था और अब तक बेतिया में 8528 लोगों पर अतिक्रमण का केस हो चुका है। मोतिहारी में 2647 अतिक्रमण वालों की पहचान हुई है जिनमें 1230 लोगों को नोटिस भेजा गया है और 1214 लोगों पर केस दर्ज हो गया है। चंपारण के दोनों जिलों में कुल 3661.11 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण मिला है जिसमें मोतिहारी में 2617.46 एकड़ और बेतिया में 1043.65 एकड़ है।

### शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हुआ है अतिक्रमण

बेतिया राज की जमीन का अतिक्रमण शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हुआ है। केके पाठक ने अतिक्रमण के मामलों मे नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर आरोप गठित करने को कहा है। राज्य सरकार बेतिया राज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की तैयारी में है। और इस कठिन काम के लिए केके पाठक से बेहतर और कोई अफसर हो नहीं सकता था। सरकार के पास अतिक्रमण की अंचलवार लिस्ट तैयार है। यहां से कब्जा हटाने के लिए कभी भी केके पाठक का डंडा चल सकता है और कोर्ट से आदेश हुआ तो बुलडोजर भी।


### सीपीआई-माले ने बिल को काला कानून बताया

सीपीआई-माले के सिकटा से विधायक बीरेंद्र गुप्ता ने बिल को काला कानून बताया और कहा कि इससे 1885 के बाद वहां बसे लोग बेघर हो सकते हैं। जायसवाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि कानून नोटिफाई होने के बाद सरकार जमीन की लिस्ट जारी करेगी और प्रभावित होने वाले लोगों से आपत्तियां लेकर उनका निराकरण भी करेगी। गुप्ता ने जब यह सवाल किया तब तक विपक्ष के सारे विधायक 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर सदन का बॉयकॉट कर चुके थे।

## वेंटीलेटर नहीं मिलने के बाद मरीज की मौत

### मौत के बाद केजीएमयू डॉक्टरों के खिलाफ थाने में शिकायत

**एजेंसी | लखनऊ**



लखनऊ में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU) अस्पताल में वेंटीलेटर नहीं मिलने के बाद एक मरीज की मौत के मामले में परिजनों ने अब यहां के वजीरगंज थाने में शिकायत देकर डॉक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। अपने इलाज के लिए मरीज का हाथ जोड़कर डॉक्टरों से विनती करते वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### केजीएमयू प्रशासन ने दी सफाई

वहीं, केजीएमयू प्रशासन ने मंगलवार को दावा किया कि मरीज को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया और वेंटीलेटर के अभाव में उन्हें दूसरे संस्थान में एंबुलेंस से स्थानांतरित किया गया। वजीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है हालांकि अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## विश्वनाथ मंदिर वाले इलाके से लगातार सात बार विधायक रहे 'दादा' का निधन

### पीएम मोदी और सीएम योगी ने जताया दुख

**एजेंसी | वाराणसी**



वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर वाले इलाके शहर दक्षिणी से लगातार सात बार भाजपा से विधायक रहे श्याम देव राय चौधरी 'दादा' का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। 85 वर्षीय दादा को ब्रेन हेमरेज के बाद कई दिनों से रवींद्रपुरी स्थित अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दिनों सीएम योगी भी दादा को देखने अस्पताल पहुंचे थे। दादा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है। पीएम मोदी ने दादा के साथ अपनी तस्वीर शेयर कर एक्स पर लिखा कि जनसेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्यामदेव राय चौधरी जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। स्नेह भाव से हम सभी उन्हें 'दादा' कहते थे। उन्होंने ना केवल संगठन को सींचने और संवारने में अहम योगदान दिया, बल्कि काशी के विकास के लिए भी वे पूरे समर्पण भाव से जुटे रहे। उनका जाना काशी के साथ-साथ पूरे राजनीतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और समर्थकों को संबल प्रदान करे।

### सीएम योगी ने परिवार को दी सांत्वना

सीएम योगी ने भी दादा के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व विधायक श्री श्यामदेव राय चौधरी जी (दादा) का निधन अत्यंत दु:खद और भाजपा परिवार की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## 'बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का कराएं बेहतर इलाज'

**एजेंसी | रांची**

### कार्यवाहक CM हेमंत सोरेन का निर्देश



झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सड़क हादसे में घायल धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया है। उन्होंने खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा को निर्देश दिया है कि मंगल मुंडा को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकें। फिलहाल वे रिम्स में इलाजरत हैं। उनकी हालत स्थिर बनी हुयी है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद खूंटी के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में डॉक्टरों द्वारा मंगल मुंडा का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के परामर्श पर बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। खूंटी के डीसी ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम का गठन कर रिम्स (रांची) भेजा गया है, ताकि उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। इस मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। डॉक्टरों के परामर्श पर बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जानकारी मिली कि सोमवार की रात में भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। उनका इलाज रिम्स में किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने खूंटी के डीसी को मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया।




# शहरों से ज्यादा गांवों में बढ़ रहा है कर्ज का मर्ज

**एजेंसी | नई दिल्ली**




आमतौर पर यह माना जाता है कि शहरों में लोगों की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं जिसके कारण लोगों में कर्ज लेकर खर्च चलाने का चलन बढ़ रहा है। लेकिन सरकार के एक सर्वेक्षण में चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं जिन्होंने कोई न कोई कर्ज लिया है। जबकि शहरों में कुछ कम 17,442 लोग कर्जदार हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की व्यापक वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण रिपोर्ट पिछले दिनों जारी हुई है। इसमें 2022-23 के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के आंकड़ों को आधार बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि देश में प्रति एक लाख लोगों पर 18,322 लोग कर्जदार हैं। इसमें संस्थागत और गैर संस्थागत दोनों तरीकों से लिया जाने वाला कर्ज शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में गांवों में कर्ज लेने वालों की संख्या ज्यादा है। यह रुझान पुरुषों और महिलाएं दोनों में ज्यादा देखा गया है। उदाहरण के लिए एक लाख ग्रामीण पुरुषों में से 24,322 ने कोई न कोई कर्ज ले रखा है। सर्वेक्षण की तारीख पर उन पर कर्ज की राशि बकाया थी। जबकि शहरी क्षेत्रों में 23,975 पुरुषों पर कर्ज था। इसी प्रकार अगर महिलाओं की बात करें तो गांवों में एक लाख महिलाओं पर 13,016 महिलाएं कर्ज में डूबी थीं। जबकि शहरों में यह अपेक्षाकृत कम 10,584 महिलाएं कर्जदार पाई गई।

### गांवों में होड़ कहीं ज्यादा होने लगी

विशेषज्ञों का मानना है कि गांवों में भी शहरों के जीवन का अनुसरण किया जा रहा है। चाहे घरेलू जरूरतें हों या बच्चों की शिक्षा या फिर खान-पान या पहनावा, अब काफी हद तक शहरों की तर्ज पर होने लगा है। देखा जाए तो गांवों में यह होड़ कहीं ज्यादा है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा से जुड़ी कई सेवाएं नि:शुल्क मिल जाती हैं जबकि गांवों में इसके लिए भी भुगतान की जाने वाली सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। नतीजा यह है कि गांव के लोगों को आज कहीं ज्यादा कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके अलावा घर के लोगों के शहरों में कार्यरत होने से ग्रामीणों को कर्ज की उपलब्धता आसान हुई है।

# मूडीज ने अदाणी की इकाइयों की साख नकारात्मक की

**एजेंसी | नई दिल्ली**




रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को कहा कि उसने अदाणी की सात इकाइयों के साख परिदृश्य को 'स्थिर' से घटाकर 'नकारात्मक' कर दिया है। मूडीज ने ऐसा करने के लिए समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और अन्य पर कथित रूप से रिश्वत देने में शामिल होने के अभियोग लगाए जाने का हवाला दिया। वहीं, फिच रेटिंग्स ने समूह के कुछ बॉन्ड को नकारात्मक निगरानी में रखा है। मूडीज ने सभी सात इकाइयों- अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के दो सीमित प्रतिबंधित समूह, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन लिमिटेड, अदाणी ट्रांसपोर्टेशन प्रतिबंधित समूह 1 (एईएसएल आरजी1), अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड और अदाणी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड की रेटिंग की पुष्टि की। मूडीज ने कहा कि अमेरिका में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के चेयरमैन गौतम अदाणी और कई वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों पर अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के आपराधिक मामले में अभियोग लगाए जाने के कारण अदाणी समूह की वित्तपोषण तक पहुंच कमजोर हो सकती है और इसकी पूंजी लागत बढ़ सकती है। मूडीज ने कहा कि यदि कानूनी कार्यवाही स्पष्ट रूप से बिना किसी नकारात्मक ऋण प्रभाव खत्म हो जाती है तो रेटिंग दृष्टिकोण को स्थिर में बदला जा सकता है।

# सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 पर बंद

### निफ्टी भी 27 अंक गिरा, BSE स्मॉलकैप में 333 अंक की तेजी रही

**एजेंसी | मुंबई**



सेंसेक्स 26 नवंबर को 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 27 अंक की गिरावट रही, ये 24,194 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 333 अंक की तेजी के साथ 53,923 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। NSE के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.28% की गिरावट रही। लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल और अल्ट्राटेक सीमेंट ने बाजार को नीचे गिराया। जबकि, इंफोसिस, रिलायंस, TCS और ICICI बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.87% और कोरिया के कोस्पी में 0.55% की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स भी 0.12% की गिरावट के साथ बंद हुआ। 25 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.99% चढ़कर 44,736 पर और S&P 500 0.30% बढ़कर 5,987 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.27% चढ़कर 19,054 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 25 नवंबर को 9,947.55 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 6,907.97 करोड़ के शेयर बेचे।

## दूरसंचार कंपनियों का वित्तीय बोझ कम होगा: सीओएआई

**एजेंसी | नई दिल्ली**



दूरसंचार कंपनियों के निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने पिछली स्पेक्ट्रम खरीद के लिए बैंक गारंटी से छूट देने के मंत्रिमंडल के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। इससे दूरसंचार परिचालकों पर वित्तीय बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। वोडाफोन आइडिया, भारती एयरटेल और रिलायंस जियो सीओएआई के सदस्य हैं। सीओएआई ने कहा कि इससे नकदी प्रवाह बढ़ेगा और नेटवर्क विस्तार व प्रौद्योगिकी उन्नयन में पूंजी निवेश संभव होगा। इससे भविष्य में दूरसंचार नेटवर्क को अधिक मजबूत तरीके से पेश किया जाना सुनिश्चित होगा।

## हुंदै मोटर इंडिया को पांच करोड़ की मांग के साथ नोटिस

**एजेंसी | नई दिल्ली**




हुंदै मोटर इंडिया को कथित अतिरिक्त 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' दावे के लिए महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से ब्याज सहित पांच करोड़ रुपए से अधिक की मांग के साथ कारण बताओ नोटिस मिला है। हुंदै मोटर इंडिया ने बताया, नोटिस में आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त आईटीसी का दावा मानदंडों के अनुसार और कंपनी द्वारा भुगतान किए गए रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म कर के अनुरूप नहीं है। इसमें कहा गया, नोटिस में उल्लिखित कुल मांग राशि में कर 2.741 करोड़ रुपए और ब्याज 2.279 करोड़ रुपए का है।

## अनिल अंबानी की कंपनी पर सेकी की रोक हटी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्वच्छ ऊर्जा एजेंसी सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड को तीन साल के लिए नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित किया गया था। इस महीने की शुरुआत में सेकी ने रिलायंस पावर और इसकी सहायक इकाइयों को तीन साल के लिए नीलामी में भाग लेने से रोक दिया था। हाल ही में बैटरी भंडारण ठेके के लिए अपनी बोली का समर्थन करने के लिए फर्जी बैंक गारंटी जमा करने के आरोपों के कारण यह रोक लगाई गई थी।

## जूनियर पुरुष एशिया कप

# भारतीय टीम थाईलैंड के खिलाफ शुरू करेगी 'खिताब बचाओ अभियान'

**हॉकी टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने के साथ पांचवीं बार ट्रॉफी जीतने की चुनौती**

**पाक, कोरिया और मलेशिया की टीमें भी प्रबल दावेदार**



**एजेंसी । मस्कट**

जूनियर एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में चार की चैंपियन भारतीय टीम अपने खिताब बचाओ अभियान की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगी। इस मुकाबले में कोच पी आर श्रीजेश की आत्मविश्वास से भरी टीम का पलड़ा भारी होगा। इस मुकाबले से पहले दक्षिण कोरिया का सामना चीनी ताइपे से होगा।

### पाक अलग ग्रुप में

टूर्नामेंट में इस बार दस टीमें भाग ले रही हैं। भारत को पूल ए में कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ रखा गया है। बाकी पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन पूल बी में हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 3 दिसंबर को सेमीफाइनल खेलेंगी। फाइनल एक दिन बाद होगा। भारत का आखिरी ग्रुप मैच एक दिसंबर को कोरिया से होगा। अब तक की सबसे सफल टीम भारत ने रिकॉर्ड चार बार 2004, 2008, 2015 और 2023 में खिताब जीता था।

"थाईलैंड, जापान और कोरिया जैसी मजबूत टीमों से खेलना चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हम खिताब बरकरार रखकर देश को फिर गौरवान्वित करेंगे।"



**–आमिर अली, भारतीय कप्तान**

### जोहोर कप से मनोबल बढ़ा

पिछली बार विजेता टीम में शामिल रहे आमिर अली और रोहित इस बार कप्तान और उपकप्तान के रूप में अन्य खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। आमिर ने कहा, हमारी टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।
उपकप्तान रोहित ने कहा, सुल्तान जोहोर कप 2024 में तीसरे स्थान पर रहने से टीम और खिलाड़ियों का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। हमारा पहला लक्ष्य अपना प्रदर्शन बरकरार रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने का है। हम अच्छा प्रदर्शन करके अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**भारत के अन्य मैच**

28 नवंबर बनाम जापान से
30 नवंबर बनाम चीनी ताइपे
01 दिसंबर बनाम द. कोरिया

# रॉयल्स में सूर्यवंशी को निखरने का अच्छा माहौल मिलेगा : द्रविड़



**एजेंसी । जेद्दा**

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में उनकी टीम 13 वर्ष के वैभव रघुवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल दे सकती है। बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के छात्र सूर्यवंशी को रॉयल्स ने सोमवार को नीलामी में एक करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा जिससे वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

द्रविड़ ने आईपीएल के वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि उसमें अच्छा कौशल है और उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी हुई। नीलामी में सूर्यवंशी का बेसप्राइज 30 लाख रुपये था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। अंत में राजस्थान ने दिल्ली को पछाड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा। सूर्यवंशी ने राजस्थान के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को बिहार के लिए टी-20 क्रिकेट में पदार्पण करके छह गेंद में 13 रन बनाए।



### प्रथम श्रेणी में नहीं चले

जूनियर सर्किट पर चर्चा में रहे सूर्यवंशी ने प्रथम श्रेणी में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उन्होंने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ 2023–24 रणजी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में बिहार के लिए वीनू मांकड़ ट्रॉफी में पांच मैचों में करीब 400 के रन बनाए थे। द्रविड़ ने कहा कि नीलामी में उनका लक्ष्य गेंदबाज थे। रॉयल्स ने तेज गेंदबाज आकाश मधवाल, जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा और क्वेना मफाका को खरीदा।

## मुंबई के मैदानों से

### ध्रुव सितवाला स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बिलियड्र्स और स्नूकर खिलाड़ी ध्रुव सितवाला को पुरुषों के वर्ग में और एथलेटिक्स ऐश्वर्य मिश्रा को महिलाओं के वर्ग में मुंबई स्पोर्ट्स द्वारा 'स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर' घोषित किया गया। 'मुंबई स्पोर्ट्स' संस्था चयन समिती के अध्यक्ष आदिल सुमारीवाला, निमंत्रक जय कवळी, सदस्य जया शेट्टी, प्रदीप गंधे, उदय देशपांडे, सुदर्शन नायर, संजय शेटे, भास्कर सावंत, अरविंद प्रभू, नामदेव शिरगावकर जैसे पूर्व खिलाड़ी सम्मिलित हैं। इसके अलावा तैराक ऋजुता खाड़े, एक्रोबैटिक जिमनास्ट सोनाली बोराडे, बैडमिंटन खिलाड़ी अक्षय करुणाकर शेट्टी और एक्रोबैटिक जिमनास्ट कुणाल कोठेकर को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

### फोर्ट यंगस्टर्स चैंपियन



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

हरफनमौला खिलाड़ी जान्हवी काटे द्वारा किए शानदार प्रदर्शन के दम पर फोर्ट यंगस्टर्स की टीम ने आखिरी और निर्णायक लीग मुकाबले में दहिसर स्पोर्ट्स क्लब को 126 रनों से पीटकर एमसीए विमेन्स क्रिकेट लीग ए डिवीजन के खिताब पर कब्जा कर लिया। जान्हवी काटे के तूफानी 86 रनों और मानसी पाटिल के महत्वपूर्ण 43 रनों के दम पर फोर्ट यंगस्टर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में आठ विकेट खोकर 199 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया। दहिसर स्पोर्ट्स क्लब की टीम जब बल्लेबाजी करने उतरी तो उसे जान्हवी की घातक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा, जान्हवी ने मात्र सात रन खर्च करके विपक्षी टीम के आधे बल्लेबाजों को पवैलियन का राह दिखाई और पूरी टीम 34.4 ओवर में मात्र 73 रनों पर सिमट गई।

# गुकेश-लिरेन में विश्व शतरंज की दूसरी बाजी ड्रॉ रही

**एजेंसी । सिंगापुर**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की दूसरी बाजी में गत चैंपियन डिंग लिरेन से ड्रॉ खेला। दोनों ने 23 चालों के बाद मुकाबला ड्रॉ करने पर सहमति जता दी। इससे पहले गुकेश को सोमवार को 14 बाजियों के



मुकाबले के पहले मैच में सफेद मोहरों से हार का सामना करना पड़ा था। पहला मुकाबला जीतने वाले लिरेन के पास अब 1.5-0.5 की बढ़त है।

# हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार की हालत स्थिर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार की सोमवार को एंजियोप्लास्टी होने के बाद अब उनकी हालत स्थिर है। पारवारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 74 वर्ष के अशोक कुमार को रविवार को छाती में दर्द की शिकायत पर एस्कॉर्ट्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें



दिल का दौरा पड़ा। सूत्र ने कहा, उनकी सर्जरी सफल रही। डॉक्टरों ने कुछ स्टेंट डाले हैं। उन्हें दो-तीन दिन में छुट्टी मिल जाएगी। अशोक कुमार 1975 में कुआलालम्पुर में एकमात्र विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने पाक के खिलाफ विजयी गोल दागा था। वह म्युनिख ओलंपिक 1972 में कांस्य विजेता टीम में भी थे। उन्हें 1974 में अर्जुन पुरस्कार मिला था जबकि इस साल हॉकी इंडिया ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान भी दिया।

# 'पुष्पा 2' और 'मिस यू' के टकराव से बेफिक्र हैं सिद्धार्थ




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता सिद्धार्थ इन दिनों फिल्म 'मिस यू' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म 29 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अल्लू अर्जुन की पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' से होने जा रहा है, जो 5 दिसंबर को दर्शकों के बीच आएगी।

अब सिद्धार्थ ने 'मिस यू' और 'पुष्पा 2' के टकराव पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में सिद्धार्थ ने 'मिस यू' और 'पुष्पा 2' के टकराव पर पहली बार चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की कोई चिंता नहीं है। अगर मेरी फिल्म अच्छी होगी तो दर्शक सिनेमाघरों में जरूर देखने आएंगे। एक अच्छी फिल्म को सिनेमाघर से हटाया नहीं जा सकता। 'मिस यू' और 'पुष्पा 2' के बीच हो रहा टकराव मेरी समस्या नहीं है। मैं इससे घबरा नहीं रहा हूं, बल्कि इस भिड़ंत को लेकर उन्हें चिंतित होना चाहिए।'

# रहमान मेरे लिए पिता जैसे, लोगों ने इसे अश्लील बना दिया है: मोहिनी

ऑस्कर विनर सिंगर और म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान बीते कुछ दिनों से तलाक की अनाउंसमेंट कर सुर्खियों में हैं। तलाक के बाद से ही सिंगर का नाम उनके लिए काम करने वाली बेसिस्ट मोहिनी डे से जुड़ रहा था, क्योंकि दोनों ने एक ही दिन पर अपना-अपना तलाक अनाउंस किया। लिंक-अप की खबरों के बीच अब मोहिनी डे ने एआर रहमान को अपने पिता जैसा बताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वो उनके पिता से बस कुछ ही साल छोटे हैं। साथ ही मोहिनी ने प्राइवेसी की मांग की है।

20 नवंबर को जिस दिन एआर रहमान ने तलाक



अनाउंस किया, ठीक उसी दिन उनके साथ काम करने वालीं मोहिनी डे ने भी तलाक की अनाउंसमेंट की थी। इसके बाद से ही मोहिनी डे का नाम एआर रहमान से जोड़ते हुए उन्हें तलाक की वजह माना जा रहा था। एआर रहमान पहले ही इस मामले में लीगल एक्शन लेने का फैसला कर चुके हैं, वहीं अब मोहिनी ने भी मुद्दे पर अपनी सफाई पेश की है। मोहिनी डे ने हाल ही में एक वीडियो के जरिए एआर रहमान से रिश्ते पर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि सिंगर उनके लिए पिता की तरह हैं। मोहिनी ने एक वीडियो शेयर कर कहा है, मैं कुछ समय से टूर पर थी, अब मुझे सास लेने का मौका मिल गया है। मैं यहां आकर आप सबको बताना चाहती हूं कि मेरी जिंदगी में कई फादर फिगर और रोल मॉडल्स हैं। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि उनका मेरी जिंदगी में अहम रोल रहा है। एआर उनमें से एक हैं। एआर से मेरा मतलब एआर रहमान हैं। आगे उन्होंने कहा, मैं उनकी बहुत इज्जत करती हूं, वो मेरे लिए पिता जैसे हैं। वो मेरे असल पिता से थोड़े ही छोटे हैं।

# 'पुष्पा' के एक्टर पर यौन शोषण का केस

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' के एक्टर श्रीतेज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एक महिला ने उन पर शारीरिक और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला का आरोप है कि श्रीतेज ने उसे रिश्ते में आने के लिए दबाव डाला था, जबकि वह पहले से ही अर्चना नाम की महिला के साथ रिलेशन में था। एक्टर ने झूठ बोलकर पीड़िता से 20 लाख रुपए भी लिए थे। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर हैदराबाद के कुकटपल्ली पुलिस स्टेशन में एक्टर के खिलाफ आईपीसी की धारा 69, 115(2) और 318(2) के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत 25 नवंबर को दर्ज कराई गई है।



### अप्रैल में भी पीड़िता ने शिकायत दर्द कराई थी

पीड़िता ने इसी साल अप्रैल में भी श्रीतेज के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की थी। लेकिन उस समय एक्टर के परिवार ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस वजह से पीड़िता ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसके पहले भी श्रीतेज का नाम एक बैंक ऑफिसर की पत्नी के घोटाले में सामने आया था। हालांकि इस मामले में उस महिला के पति की मौत हो गई थी।



# 'डॉन 3' के लिए करना होगा लंबा इंतजार

रणवीर सिंह को इन दिनों अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा जा रहा है, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। पिछले लंबे समय से रणवीर अपनी आगामी फिल्म 'डॉन 3' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान फरहान अख्तर ने संभाली है। रणवीर ने फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन अब खबर आ रही है फिल्म को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है।

### बजट बना फिल्म रुकने की वजह

एक रिपोर्ट के अनुसार, बजट संबंधी समस्याओं के कारण 'डॉन 3' को फिलहाल रोक दिया गया है। इस फिल्म का बजट पहले 200 करोड़ रुपये रखा गया था। हालांकि, फिल्म के प्री–प्रोडक्शन की लागत ज्यादा बढ़ने के चलते फिल्म का बजट भी बढ़ गया। 'डॉन 3' को कई देशों में शूट किया जाना था, लेकिन जैसे ही निर्माताओं ने इस पर काम करना शुरू किया तो यह साफ हो गया कि तय बजट में शूट नहीं हो पाएगा।

### कियारा आडवाणी के साथ बनी रणवीर की जोड़ी

'डॉन 3' को फरहान, रितेश सिधवानी के साथ मिलकर बना रहे हैं। फिल्म के पहले 2 भाग में शाहरुख ने डॉन की भूमिका निभाई थी और ऐसे में रणवीर के चयन पर दर्शकों ने सवाल भी उठाए थे। इस फिल्म में रणवीर की जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। बता दें कि साल 2006 में फरहान ने शाहरुख के साथ 'डॉन' का रीमेक बनाया, वहीं 2011 में फिल्म का दूसरा भाग आया, जिसे भी काफी पसंद किया था।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



सुप्रीम फैसले

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने खरगे से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की और वायनाड संसदीय सीट पर हाल ही में हुए उपचुनाव में उनकी जीत पर उन्हें बधाई दी।

## 29 नवंबर को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक 29 नवंबर को बुलाई गई है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इसमें हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों और राजनीतिक माहौल पर चर्चा होगी। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कार्य समिति के सदस्यों, स्थायी आमंत्रित सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों को पत्र भेजकर आगामी शुक्रवार को होने वाली बैठक के बारे में सूचित किया है। कार्य समिति की बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव और देश के कुछ अन्य राजनीतिक तथा आर्थिक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

## आरबीआई गवर्नर दास को अस्पताल से छुट्टी

**चेन्नई/मुंबई।** एसिडिटी से जुड़ी शिकायत के चलते बीती रात चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास को मंगलवार को छुट्टी दे दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रवक्ता ने बताया कि दास अब ठीक हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दास को सोमवार रात एसिडिटी से जुड़ी समस्या होने के बाद निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल्स में भर्ती कराया गया था।

## अलकायदा झारखंड मॉड्यूल मामले में जांच की मियाद 2 दिसंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 'अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (एक्यूआईएस) झारखंड मॉड्यूल मामले में जांच की अवधि 2 दिसंबर तक बढ़ा दी है। जस्टिस रेखा पल्ली और जस्टिस सौरभ बनर्जी की खंडपीठ ने मंगलवार को कहा कि अंतरिम आदेश अगली सुनवाई की तारीख तक जारी रहेगा। पिछले हफ्ते हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी, जिसमें जांच की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था। आरोपियों के वकील ने दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध किया। वहीं दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) लक्ष्य खन्ना ने दलीलें रखी। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने जांच अवधि को 180 दिनों तक बढ़ाने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पिछली तारीख को अदालत ने आरोपियों को नोटिस जारी किया गया था।

## दिल्ली हिंसा: खालिद सैफी की जमानत पर छह दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हिंसा से जुड़े मामले में गुलफिशा फातिमा, अब्दुल खालिद सैफी और कई अन्य आरोपियों की जमानत पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। आरोपियों ने समानता और हिरासत में लंबे समय तक रहने के आधार पर जमानत मांगी है। अब इस पर छह दिसंबर को सुनवाई होगी।

# भारत ने बांग्लादेश में चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत ने बांग्लादेश में सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर गहरी चिंता प्रकट की है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला करने वाले खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन, शांतिपूर्ण तरीके से सभाएं करने वालों की गिरफ्तारी की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। हम दास की गिरफ्तारी के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हैं।






### मंत्रालय ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है। अल्पसंख्यकों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आगजनी और लूटपाट के साथ-साथ चोरी और तोड़फोड़ और देवताओं और मंदिरों को अपवित्र करने के कई मामले दर्ज हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन घटनाओं के अपराधी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन, वैध मांगें रखने वाले धार्मिक नेता के खिलाफ आरोप लगाए जा रहे हैं।

### 'हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो'

मंत्रालय ने कहा कि हम बांग्लादेश सरकार के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उनका अधिकार भी शामिल है।

## बांग्लादेश की अदालत ने जेल भेजने का आदेश दिया



**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। हिंदू पुजारी को जमानत नहीं मिलने पर उनके अनुयायियों ने अदालत परिसर में नारे लगाने शुरू कर दिए।

### राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चट्टगांव के छठे मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शरीफुल इस्लाम की अदालत ने मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे यह आदेश सुनाया। बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को चिन्मय कृष्ण दास को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। पुलिस की जासूसी शाखा के प्रवक्ता रिजाउल करीम ने कहा कि दास को (नियमित पुलिस) के अनुरोध के अनुसार हिरासत में लिया गया। हालांकि, आरोपों का ब्योरा दिए बिना गिरफ्तारी की गई। इससे पहले, 30 अक्तूबर को चट्टगांव के कोतवाली पुलिस थाने में दास समेत 19 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन पर हिंदू समुदाय की एक रैली के दौरान बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाया गया था।

# एनआईए ने की मणिपुर हिंसा के तीन बड़े मामलों की जांच शुरू

**एजेंसी । इंफाल**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर के हाल के हिंसा से जुड़े तीन बड़े मामलों की जांच शुरू कर दी है। एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई कि जांच एजेंसी की टीमों ने 21 और 22 नवंबर को घटनास्थलों का दौरा किया और जांच शुरू की। बयान में कहा गया है कि राज्य पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने की प्रक्रिया जारी है।




### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिया था एनआईए को जांच का निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद एनआईए ने मणिपुर में हिंसा से जुड़े तीन प्रमुख मामलों की जांच शुरू की। इन मामलों में बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए एनआईए ने 13 नवंबर को तीन मामलों को नए सिरे से दर्ज किया। गृह मंत्रालय ने अपराधों की गंभीरता और राज्य में बढ़ती हिंसा को देखते हुए जांच एनआईए को सौंपने का फैसला लिया था।

### तीसरा मामला : तीन बच्चों की मां के साथ दुष्कर्म और फिर मार डाला

तीसरे मामले में जिरिबाम में उग्रवादियों ने एक महिला की हत्या की। सात नवंबर को जिरिबाम के जयरलपोकपी निवासी जोसांगकिम (31 वर्षीय) के साथ उग्रवादियों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और फिर उसे जलाकर मार दिया। जोसांगकिम तीन ब्चों की मां थीं। यह घटना पहले जिरिबाम थाने में आठ नवंबर को दर्ज की गई थी। एनआईए ने इस मामले को भी बीएनएस, शस्त्र अधिनियम (1959) और अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत फिर से दर्ज किया।



### पहला मामला : तीन महिलाओं और तीन बच्चों की अपहरण के बाद हत्या

पहले मामले की जानकारी देते हुए एनआईए ने बताया कि 11 नवंबर को बोरोबेकरा में कई घरों को आ लगा दी गई थी और दो नागरिकों की हत्या कर दी गई। बाद में अज्ञात उग्रवादियों ने छह लोगों का अपहरण कर हत्या कर दी, जिनमें तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल थे। इन घटनाओं के बाद पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे भारी गोलीबारी हुई। तलाशी अभियान में जलते हुए घरों से दो शव बरामद हुए। एनआईए ने इस मामले को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत फिर से दर्ज किया है।

### दूसरा मामला : जिरिबाम के दो थानों पर उग्रवादियों का हमला


दूसरे मामले में 11 नववंबर को जिरिबाम के जकुराधोर कड़ोंग और बोरोबेकरा थानों पर उग्रवादियों ने हमला किया था। इस हमले में सीआरपीएफ का एक कांस्टेबल घायल हुआ था और उसे इलाज के लिए सिल्चर भेज गया। इसके बाद सुरक्षा बलों और पुलिस ने जब तलाशी ली, तो हमलावर उग्रवादियों के शव और शस्त्र बरामद हुए। एनआईए ने इस मामले को भी भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत फिर से दर्ज किया है।

## एनसीपी नेता हत्याकांड में 'सुप्रीम' फैसला

**दो की आजीवन कारावास की सजा निलंबित, दी जमानत**

**एजेंसी । रायपुर**





सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता राम अवतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में दो दोषियों की आजीवन कारावास की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। दरअसल, छत्तीसगढ़ में दिवंगत विद्याचरण शुक्ला के नेतृत्व वाली एनसीपी के कोषाध्यक्ष जग्गी की चार जून को गाड़ी चलाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुई थी।

### कौन थे रामावतार जग्गी?

कारोबारी परिवार के रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। शुक्ल जब कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए। विद्याचरण ने जग्गी को छत्तीसगढ़ में एनसीपी का कोषाध्यक्ष बना दिया था। जग्गी हत्याकांड का मुख्य आरोपित याहया ढेबर रायपुर के ढेबर बंधुओं में से एक है। पांच भाइयों में एजाज ढेबर रायपुर के मौजूदा मेयर हैं। वहीं एक भाई अनवर ढेबर शराब कारोबारी है। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में ईडी ने उसे छह मई, 2023 को गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# अब संस्कृत और मैथिली में भी संविधान

**संविधान दिवस पर राष्ट्रपति ने किया जारी**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गई।

### सिक्का और डाक टिकट भी जारी

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गईं। 2 किताबों 'भारतीय संविधान का निर्माण: एक झलक' और 'भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' का विमोचन किया गया।

**26 नवंबर को 'संविधान दिवस'**

संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया था। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को एक अधिसूचना में 26 नवंबर को हर साल 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाने की बात कही थी।

### पुरानी संसद में एक मंच पर दिखे मोदी-राहुल

आयोजन में पहली बार PM नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक साथ एक ही मंच पर बैठे नजर आए। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश भी थे।

# असम कैबिनेट ने होजाई जिला मुख्यालय का बदला नाम

**एजेंसी । दिसपुर**

असम के मंत्रिमंडल ने होजाई जिला मुख्यालय का नाम बदलने की मंजूरी दी है। अब इसे 'शंकरदेव नगर' से बदलकर 'श्रीमंत शंकरदेव नगर' कर दिया गया है। यह फैसला राज्य की सांस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है, जो 15वीं सदी के संत श्रीमंत शंकरदेव के योगदान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को नए नाम की घोषणा की।

### असम की कला, साहित्य पर श्रीमंत शंकरदेव का प्रभाव

श्रीमंत शंकरदेव का असम की कला, साहित्य और धार्मिक परंपराओं में गहरा प्रभाव रहा है। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने इसे असम की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान को फिर से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।



### करीमगंज जिला और शहर का भी बदला था नाम

असम सरकार ने इससे पहले बराक घाटी के करीमगंज जिले और शहर का नाम बदलने का एलान किया था। अब करीमगंज जिले को 'श्रीभूमि' और करीमगंज शहर को 'श्रीभूमि टाउन' से जाना जाता है। यह बदलाव राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने के लिए किया गया। राज्य मंत्रिमंडल ने 19 नवंबर को अपनी पिछली बैठक में करीमगंज जिले और शहर का नाम बदलने का फैसला किया था। होजई को 15 अगस्त 2015 को नागांव से अलग करके एक अलग जिला बनाया गया था।

**सहायता** केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली समिति ने हरी झंडी दिखाई

# आपदा से जुड़े जोखिम को घटाने के लिए 1,115 करोड़ मंजूर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने आपदा से उत्पन्न होने वाले जोखिम को घटाने और विभिन्न क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 15 राज्यों को 1,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस निर्णय के अनुसार उत्तराखंड के लिए 139 करोड़ रुपए की धनराशि को मंजूरी किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, समिति ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक रक्षा स्वयंसेवियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए 115.67 करोड़ रुपए के कुल व्यय वाली एक अन्य परियोजना को मंजूरी दी।



### महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ मंजूर

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, प्रत्येक के लिए 139 करोड़ रुपए, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़, कर्नाटक और केरल के लिए 72-72 करोड़, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए 50-50 करोड़ तथा आठ पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के लिए 378 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गई।

### भूस्खलन से होने वाले जोखिम पर किया विचार

समिति ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से वित्तपोषण के जरिये, 15 राज्यों में भूस्खलन से होने वाले जोखिम को घटाने के प्रस्ताव पर विचार किया। समिति के सदस्यों में केंद्रीय वित्त और कृषि मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक रक्षा स्वयंसेवियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के एक और प्रस्ताव पर भी विचार किया गया।



# गोल्डी और रोहित ने ली नाइट क्लब के बाहर हुए दो बम धमाकों की जिम्मेदारी

**एजेंसी । चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित दो क्लबों के पास सोमवार रात करीब सवा तीन बजे दो जोरदार धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सहित अन्य जांच टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू की। वहीं मंगलवार को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने इस बम ब्लॉस्ट की जिम्मेदारी ली है। फेसबुक पर एक पोस्ट अपलोड करके लिखा है कि चंडीगढ़ में हुए बम ब्लॉस्ट हमने करवाया है। इसके बाद अब जांच टीमें इस घटना को फिरौती मांगने के अलावा आतंकी गतिविधियों से भी जोड़कर देख रही है।





**केस डायरी :** जानकारी के अनुसार, सेक्टर-26 स्थित डेयोरा और सेवले क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवक विस्फोट करके मौके से फरार हो गए हैं। धमाके से क्लब के सभी शीशे चटक गए। पुलिस सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट व अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गई हैं और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया है। पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है और जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जूट की रस्सी से बनाए गए बम फेंककर हमला किया गया था।